राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 ▶ बिना शादी मां बनना चाहती है...



डीएम अनुनय झा ने प्रत्येक तहसील... ◀ 11

गाजियाबाद, शनिवार 03 अक्टूबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 208, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12




Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com



# स्योहारा से लापता अनीस हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्योहारा/बिजनौर।** थाना स्योहारा क्षेत्र से 23 सितंबर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता चल रहे अनीस की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शराब पार्टी के दौरान हुए मामूली पैसों के विवाद में दोस्तों ने ही अनीस की बेरहमी से हत्याकर शव गन्ने के खेत में छिपा दिया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी निशानदेही पर हल्दौर क्षेत्र से मृतक का शव, आधार कार्ड और खून से सने कपड़े बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल तीसरे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

- **शराब पार्टी में विवाद के बाद बेल्ट से गला घोंट व रॉड मारकर की थी हत्या**
- **हल्दौर के कुम्हारपुरा में नहर किनारे गन्ने के खेत से बरामद हुआ शव, दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी**

मृतक अनीस के भाई जमील ने 27 सितंबर को थाना स्योहारा में प्रार्थना पत्र देकर अपने भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तहरीर में बताया गया था कि अनीस 23 सितंबर की शाम से अचानक गायब है और उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।मुखबिर तंत्र व सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी।तफ्तीश में पुलिस को अनीस के अंतिम बार अपने परिचितों के साथ देखे जाने की जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस ने हिमांशु (पुत्र राजकुमार) और राजा (पुत्र धर्मवीर) को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो पूरे हत्याकांड का पदार्फाश हो गया।


मृतक का फाइल फोटो

**शराब पार्टी में पैसों को लेकर हुआ था विवाद**

पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 23 सितंबर की रात वे सभी अनीस के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान पैसों के लेन-देन को लेकर अनीस और उनके बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर तीनों ने मिलकर अनीस की हत्या की खौफनाक योजना बना डाली।वारदात के वक्त हिमांशु ने अनीस को पीछे से कसकर पकड़ा। राजा ने उसके दोनों पैर दबोच लिए ताकि वह भाग न सके। तीसरे साथी हरप्रीत उर्फ हर्ष उर्फ अंगा ने बेल्ट से अनीस का गला घोंटा और फिर नुकीली लोहे की रॉड से गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

**गन्ने के खेत में छिपाया था शव, साक्ष्य बरामद**

हत्या के बाद आरोपियों ने शव को छिपाने के लिए थाना हल्दौर क्षेत्र के ग्राम कुम्हारपुरा में नहर किनारे स्थित एक गन्ने के खेत को चुना। पुलिस टीम ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर कुम्हारपुरा के खेत से अनीस का शव बरामद किया। मौके से मृतक का आधार कार्ड और हत्या में प्रयुक्त/पहने गए खून से सने पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है, जबकि फरार मुख्य आरोपी हरप्रीत उर्फ हर्ष उर्फ अंगा को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के प्रति जागरूकता रैली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार बालक-बालिकाओं को बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो अधिनियम 2012 के प्रति जागरूक किए जाने के उद्देश्य से 2 अक्टूबर को जनपद न्यायालय, मुरादाबाद एवं विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जनपद न्यायाधीश एवं अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों–सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा–को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रभात फेरी के शुभारंभ के अवसर पर समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रभात फेरी जनपद न्यायालय, मुरादाबाद से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः जनपद न्यायालय परिसर में आकर सम्पन्न हुई।


चित्र पर पुष्प चढ़ाते मुख्य अतिथि

प्रभात फेरी में जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद, सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारी, संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं, विधिक सहायता प्रतिरक्षा अधिवक्तागण (लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल) तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।

# भारतीय किसान संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। संघ ने मांग की कि उचनपुर से मकनपुर, रामपुर भूड़ से हसनपुर-गजरौला मार्ग को जोड़ने वाले ग्राम भदौरा से नगलिया मुंशी होकर औसा माफी मार्ग, तथा लुहारी भूड़ से डोमखेड़ा चौराहे तक के कच्चे रास्तों को पक्का कराया जाए। वहीं, चकबंदी विभाग की लापरवाही से लुहारी भूड़, दाऊदपुर जागीर और नगलिया मुंशी में चक परिवर्तन न होने पर रोष जताया। इस दौरान सुरेंद्र कुमार, हरिओम, ओमवीर सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), चंद्रपाल शर्मा (जिलाध्यक्ष), चर्म पाल सिंह (जिला कोषाध्यक्ष), मही पाल सिंह (प्रांत गन्ना प्रमुख), टोकम, जप करन, टीकम सिंह, तथा पीड़ित किसान माया देवी, सोना देवी, टीकम सिंह व विक्रम सिंह सहित अन्य किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।


भारतीय किसान संघ संसद को ज्ञापन देते हुए

## संक्षिप्त समाचार

### कोतवाली में मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को कोतवाली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सरोहा ने तिरंगा तिरंगा फहराया। इस दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगे को सलामी दी। पूरा परिसर भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। झण्डा फहराने के बाद कोतवाली में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सरोहा के नेतृत्व में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बारी-बारी से महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सरोहा ने अपने संबोधन में गांधी जी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी के सादगी और दृढ़ निश्चय के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस का कर्तव्य है कि वह गांधी जी के सत्य के मार्ग और शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान के आदर्शों को अपनाते हुए निष्पक्ष और ईमानदारी से जनता की सेवा करे।कार्यक्रम के अंत में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सरोहा ने सभी पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और देश सेवा की शपथ दिलाई। इस दौरान कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


शपथ लेते पुलिस कर्मचारी

### सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज में गांधी जयंती पर हुए कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** शुक्रवार को सरदार बेगम मेमोरियल पी.जी. कॉलेज हसनपुर अमरोहा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबंधक द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक ने उनके बताए सत्य, अहिंसा, सादगी और "जय जवान, जय किसान" के मंत्र को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने गांधी जी के स्वच्छता अभियान और शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्त, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ नसरे आलम ने किया।

### प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत किया जाए: गिरीश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय बुद्धि विहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं प्रेरणादायक विचारों को स्मरण किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य,अहिंसा और स्वच्छता के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को नई दिशा दी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी,ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।दोनों महापुरुषों का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार आज भी देश और समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाते हैं। कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इसके उपरांत मुरादाबाद-बरेली खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के निमित्त बूथ संयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में नामांकन दिवस से लेकर मतदान दिवस तक की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।जिलाध्यक्ष गिरीश भंडूला ने बूथ संयोजकों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत किया जाए। बूथ संयोजक अपने क्षेत्र के मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा नामांकन दिवस से लेकर मतदान दिवस तक निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार संपर्क एवं समन्वय सुनिश्चित करें। कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं के निरंतर परिश्रम और आपसी समन्वय से सुनिश्चित होती है।


चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्य अतिथि

इस अवसर पर शिक्षक चुनाव महानगर संयोजक नवदीप टंडन, महामंत्री विशाल त्यागी, विधानसभा संयोजक दिनेश सिसोदिया,अशोक सैनी, महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी, कपिल देव,अभिषेक चौबे, दीक्षांत चौधरी, अश्वनी शर्मा,सुनीता शर्मा, गुड्डी, पूर्णिमा खन्ना, भरत टंडन, अर्चित गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पालिका में हर्षोल्लास से मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** नगर पालिका परिषद में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की

**ईओ ने किया ध्वजारोहण, वाल्मीकि मंदिर पर चला सफाई अभियान**

शुरूआत नगर पालिका परिसर में झंडा फहराने के साथ हुई। अधिशासी अधिकारी विजय पाल सिंह ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान के साथ महापुरुषों को नमन किया। इसके बाद अधिशासी अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मौजूद सभी पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।अधिशासी अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया, वहीं शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान के नारे से देश को एक नई दिशा दी। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर देश और समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। इसके बाद अधिशासी अधिकारी के द्वारा सरदार भगत सिंह एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर भी माला अर्पण किया गया।शासन के निर्देश पर गांधी जयंती के अवसर पर नगर में चलाए जा रहे 157 घंटे के महा सफाई अभियान के अंतर्गत वाल्मीकि बस्ती स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में पालिका की सफाई टीम ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस दौरान गंदगी को हटाया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। इस मौके पर नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ईओ एवं अन्य

# मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोर से कुकर्म के मामले में मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त और मूक-बधिर किशोर के साथ कुकर्म करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 1 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे गांव कोतवाली क्षेत्र के गांव दयावली खालसा निवासी आरोपी कैलाश पुत्र मान सिंह किशोर को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया।वहां आरोपी ने किशोर के साथ कुकर्म किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंचकर पीड़ित किशोर ने इशारों के जरिए अपनी मां को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों के होश उड़ गए।पीड़िता की मां अपने बेटे को लेकर तुरंत थाने पहुंची और पुलिस को पूरी जानकारी दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सरोहा से बात की तो उन्होंने बताया पीड़ित की मां की तहरीर पर गांव निवासी कैलाश पुत्र मानसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सरकार की सांप्रदायिक और जन विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करना होगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ विषय पर विचार गोष्ठी का आवाहन किया गया**

**मुरादाबाद।** वामपंथी पार्टियों एवं इंडिया ब्लॉक के राष्ट्रीय आवाहन पर आज गांधी पार्क कंपनी बाग मुरादाबाद में महात्मा गांधी मूर्ति पर माल्यार्पण करके महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ विषय पर विचार गोष्ठी का आवाहन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सीपीआईएम के जिला सचिव कामरेड थान सिंह ने की तथा संचालन भाकपा माले के जिला प्रभारी कामरेड रोहतास राजपूत ने किया।विचार गोष्ठी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड रामकिशोर रस्तोगी ने कहा कि हम सब लोगों को एकजुट होकर सरकार की सांप्रदायिक और जन विरोधी नीतियों का पदार्फाश करना होगा।इस मौके पर कामरेड चंद्रपाल सिंह आजाद, शरीफ अहमद, जुल्फिकार सैफी, एसपी सिंह, महिपाल सिंह, डॉक्टर सीता राम, महिपाल सिंह एडवोकेट, आंगनबाड़ी नेता शमीम, मिथिलेश कुमारी, मनोज कुमारी, भूरी, भूकन सिंह, गफ्फार हुसैन, सहित कांग्रेस के नेता राजेंद्र वाल्मीकि, नेम सिंह, डॉक्टर सिराजुद्दीन आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी ।** लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ।

विद्यालय में कार्यरत कर्मचारी सरला, ज्योति एवं प्रकाशो ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

विद्यालय की प्रधानमंत्री आकांक्षा गोला तथा उप प्रधानमंत्री रिद्धिमा राघव और नंदिनी शर्मा ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामवीर सिंह ने संबोधन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने सर्व समाज के प्रति सम्मान, समरसता, सादगी, सत्य और सेवा की भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्वच्छता सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। विद्यालय, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए। समारोह में विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्य एवं भैया-बहिन उपस्थित रहे।


ध्वजारोहण करते अतिथि

सभी ने महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं संस्कारित समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

**आह्वान** — राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई

# आदर्शों को जीवन में अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारु मल्होत्रा एवं उपस्थित शिक्षिकाओं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों तथा छात्राओं द्वारा पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या चारु ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, अनुशासन और आत्मनिर्भरता के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने छात्राओं से गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।साथ ही महाविद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा फिट एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए नशामुक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता अग्रवाल एवं शिवानी गुप्ता द्वारा किया गया ' इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो.किरन साहू ने मुख्य सचिव एसपी गोयल का संदेश वाचन किया साथ ही संगीत विभाग द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए एवं छात्रा आशिया एवं फौजिया ने अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम में महाविद्यालय की मुख्य अनुशासिका प्रो.किरन साहू,प्रो.मीनाक्षी शर्मा,प्रो.अनुराधा सिंह,प्रो.वंदना पांडे प्रो.अपर्णा जोशी, प्रो.किरन त्रिपाठी, प्रो.एकता भाटिया, प्रो.सीमा गुप्ता, प्रो.इंद्र सिंह राजपूत, प्रो.सुदेश प्रो.प्रवीन सैनी, डॉ रेनू शर्मा, डॉ शैफाली अग्रवाल,डॉ प्रज्ञा मित्तल,डॉ. सुनीति सहित अन्य शिक्षिकाओं एवं महाविद्यालय की स्वयंसेविकाएं मोहिनी रस्तोगी, पलक,करिश्मा, नेहा, सोफिया, फोजिया, गुलरोज,गुलबहार आदि भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने, स्वच्छ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण तथा राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षिकाएं

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 बिना शादी मां बनना चाहती है...



डीएम अनुनय झा ने प्रत्येक तहसील... 11

गाजियाबाद, शनिवार 03 अक्टूबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 208, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### खुद 350 सीटों पर लड़ेगी सपा, कांग्रेस को 55 सीटें देने का रखा प्रस्ताव

**लखनऊ।** सूत्रों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ सीट-शेयरिंग का फॉमूर्ला तय करते समय चुनावी प्रदर्शन पर ध्यान दे रही है। सपा गठबंधन के तहत कांग्रेस को लगभग 53 से 55 सीटें देने का प्रस्ताव दे रही है, जबकि पार्टी खुद लगभग 350 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। खबरों के अनुसार, समाजवादी पार्टी का यह रुख इस बात के आकलन पर आधारित है कि किन सीटों पर उसकी स्थिति सबसे मजबूत है।



सूत्रों ने बताया कि पार्टी उन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जहां उसकी चुनावी मौजूदगी मजबूत है। प्रस्तावित फॉमूर्ले में 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों को भी ध्यान में रखा गया है। कांग्रेस ने 2024 के चुनावों में उत्तर प्रदेश में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। इन सीटों के अंतर्गत 30 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि 11 विधानसभा सीटें उन लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आती हैं जहां कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था लेकिन हार गई थी। सूत्रों के अनुसार, रढ कांग्रेस के लिए 53 से 55 सीटों का प्रस्तावित आंकड़ा तय करने के लिए इन क्षेत्रों में कांग्रेस के विधानसभा-वार प्रदर्शन को अपने हिसाब-किताब का आधार बना रही है। इसी तरह, समाजवादी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन का भी आकलन कर रही है, जिसमें जीती गई 37 सीटें और वे क्षेत्र शामिल हैं जहां वह हार गई थी लेकिन विधानसभा स्तर पर उसे बढ़त मिली थी। सूत्रों ने बताया कि इसी आकलन के आधार पर पार्टी लगभग 350 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

### सरकारी पैसा हड़पने के लिए प्रधान पति और दूसरे के नाम पर प्रधानी करने वाले खुद बन जाते हैं मजदूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायतों में आने वाले सरकारी धन को किस तरह मनमाने तरीके से खर्च के नाम पर लूटा जा रहा है इसका पता कई बार तब चलता है जब प्रधान पति मजदूरों का पैसा अपने नाम से निकालने लगते हैं और मजदूरी के नाम पर अधिक पैसा निकाल कर मनमाने तरीके से मजदूरों को नगद भुगतान करते हैं जबकि सरकार ने मजदूरों के साथ होने वाले अन्य को रोकने के लिए खाते में मजदूरी भेजने की व्यवस्था की है परंतु कई प्रधान पति ऐसा नहीं करते हैं और अपने नाम ही पैसा निकाल लेते हैं। ग्राम पंचायत रायपुर के प्रधान पति सियाराम यादव ने इसी वित्तीय वर्ष में कई बार मजदूरी का पैसा हैंड पाइप मरम्मत और इंटरलॉकिंग सहित कई मदों का अपने नाम से भुगतान किया है। इसके



11:01
MERI PANCHAYAT 1.0.85 - 0110
Gram Panchayat: Raipur
LGD Code :265271
Change

Payment Instructions

Work Payment Expenditure Details
Prashasnik Karya 63077957

Purpose :
Paid For Sanitation

Amount : ₹ 14,000

Paid To :
SIYARAM YADAV
Bank Account No. :
************5478
IFSC Code :
NA
Voucher No./Date :XVFC/
2025-26/P/20 [30/Mar/2026]
Signed by Sachiv :
Mohd Ubaid Saeed [6 mons 2 days ago]
Signed by Sarpanch :
Rampati [6 mons 2 days ago]
Acknowledgement Received on :
Rampati [6 mons 2 days ago]
Payment Received on :

e-Payment Order Created (6 mons 2 days ago)
Payment Proposed by (Sachiv) DSC (6 mons 2 days ago)
Signed by (Sarpanch) DSC (6 mons 2 days ago)
PFMS Process 0

अलावा इस पंचायत के बिल भी अपलोड नहीं किए गए हैं बिल की जगह सादा पेज दिखाई देता है। ग्राम पंचायत बीरपुर में ग्राम प्रधान एक महिला है उसका काम पूर्व प्रधान विनोद कुमार देखते हैं इन्होंने भी दर्जनों बार हैंड पाइप मरम्मत और इंटरलॉकिंग आदि कार्यों में अपने नाम से मजदूरी का भुगतान किया है। विनोद कुमार को ग्राम प्रधान बताते हुए स्वयं सारे काम करते हैं और विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी भी इन्हीं को प्रधान मानकर सारे काम करवाते हैं। हैंड पाइप मरम्मत और स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर हर साल लाखों रुपया निकालने के बावजूद गांव वाले काफी समय तक स्ट्रीट लाइटें खराब पड़े रहने की बात करते हैं और कई जगह हैंड पाइप भी खराब पड़े मिल जाते हैं। एक सचिव ने यहां तक कहा कि प्रधान और सचिव सरकारी धन को अपनी संपत्ति समझ कर बिना नियम कानून के निकल रहे हैं। कई पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-22 और 22- 23 के एस्टीमेट पर बिना अनुमति के इस समय फर्जी तरीके से धनराशि निकाली जा रही है।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर जिले में श्रद्धांजलि से लेकर सफाई अभियान तक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को गौतमबुद्ध नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**● प्राधिकरण ने औद्योगिक सेक्टरों में चलाया विशेष अभियान, कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने किया नमन, सीटू और भाकियू (कृषक) ने भी महापुरुषों के विचारों को किया याद**

किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी। वहीं सीटू और भारतीय किसान यूनियन (कृषक) ने भी कार्यक्रम आयोजित कर उनके विचारों को याद किया। इस दौरान स्वच्छता, सत्य, अहिंसा, सादगी और किसानों-मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाए गए।

**प्राधिकरण ने शुरू किया सफाई अभियान**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांधी और शास्त्री की प्रतिमाओं पर पुष्प





ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा सफाई अभियान



कलेक्ट्रेट में श्रंद्धाजलि

अर्पित कर नमन किया। एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि गांधी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और उन्हें जीवन में उतारने की जरूरत है। ओएसडी अभिषेक पाठक ने दोनों महापुरुषों के जीवन को देशसेवा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा बताया।

सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट के औद्योगिक सेक्टरों में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। सड़कों, नालियों, निर्माण स्थलों और खाली जगहों से कूड़ा व मलबा हटाया जा रहा है। ईस्ट में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार और वेस्ट में वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। कूड़ा फेंकने वालों पर जुमार्ना लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**कलेक्ट्रेट में श्रद्धांजलि**

कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण



भारतीय किसान यूनियन (कृषक) की फोटो

कर श्रद्धांजलि दी। विचार गोष्ठी में दोनों महापुरुषों के जीवन और राष्ट्रसेवा में योगदान पर चर्चा हुई। एडीएम ने कहा कि गांधी का सत्य-अहिंसा का मार्ग और शास्त्री की सादगी, अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा आज भी प्रेरणा देती है। उन्होंने लोगों से गीले और सूखे कचरे को अलग रखने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

**सीटू ने मजदूरों के मुद्दे उठाए**

सीटू गौतमबुद्ध नगर के सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने गांधी और शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि आज मजदूर, किसान, रेहड़ी-पटरी विक्रेता और मेहनतकश वर्ग महंगाई, बेरोजगारी व आजीविका के संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री के विचारों से प्रेरणा लेकर मजदूरों और वंचित वर्गों के हकों की लड़ाई जारी रखी जाएगी।

**भाकियू (कृषक) ने किया संगठन विस्तार**

भारतीय किसान यूनियन (कृषक) की मासिक बैठक ग्रेटर नोएडा के रवाया वेंकट में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण नागर ने कहा कि गांधी ने सत्य का रास्ता दिखाया, जबकि शास्त्री का जीवन किसानों के लिए प्रेरणादायी है।

राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र नागर ने संगठन में सैकड़ों लोगों के शामिल होने का दावा किया। बैठक में विजय भाटी को राष्ट्रीय प्रचार मंत्री, अनिल नागर को प्रदेश मीडिया प्रभारी, विक्रम भाटी को जिलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर समेत कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। संगठन ने 22 अक्टूबर को यमुना प्राधिकरण पर प्रस्तावित महापंचायत के लिए जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा भी की।

## अभिजीत दिपके और सीजेपी नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज

**मुंबई।** शिवाजी पार्क की रहने वाली और पेशे से वकील सिद्धि देवलेकर ने मुंबई की मशहूर जगह शिवाजी पार्क में 2 अक्टूबर को हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के फाउंडर अभिजीत दिपके और अन्य लोगों के खिलाफ शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। एक्स पर एक पोस्ट में देवलेकर ने कहा कि उन्होंने दिपके, CJP के को-कन्वीनर आशुतोष रांका, सौरव दास और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि अधिकारियों से इजाजत न मिलने के बावजूद ये लोग विरोध प्रदर्शन करने और भारी भीड़ इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे थे। यह शिकायत CJP के उस



फैसले के बाद दर्ज कराई गई है, जिसमें पार्टी ने गांधी जयंती (2 अक्टूबर) पर शिवाजी पार्क में अपना तय विरोध प्रदर्शन जारी रखने का फैसला किया था। इस प्रदर्शन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे समेत कई मांगें शामिल थीं। गौरतलब है कि मुंबई पुलिस ने पहले शिवाजी पार्क में सभा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और आयोजकों को किसी दूसरी जगह पर कार्यक्रम करने की सलाह दी थी।

खुद को "शिवाजी पार्क का ज़िम्मेदार नागरिक" बताने वाली देवलेकर ने ढक्ख 116/2009 में बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्देशों और उसके बाद शिवाजी पार्क में जमावड़े को लेकर महाराष्ट्र सरकार के आदेश का ज़िक्र किया।

मुंबई पुलिस ने भी CJP के जमावड़े की इजाजत देने से इनकार करते हुए कोर्ट के निर्देशों का हवाला दिया था। पुलिस का कहना था कि उन्हें शिवाजी पार्क में ऐसे जमावड़े की इजाजत देने का अधिकार नहीं है और उन्होंने आयोजकों को कोई दूसरी जगह तलाशने की सलाह दी थी।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में गांधी जयंती का गरिमापूर्ण आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ में गांधी जयंती का गरिमापूर्ण आयोजन

**● वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

किया गया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति, वरिष्ठ निबंधक, रजिस्ट्री के अधिकारियों और उच्च न्यायालय के कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय ने महात्मा



गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति ने गांधीवादी दर्शन की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि समग्र रूप से गांधी एक महान आत्मा थे।

## जनपद न्यायालय लखनऊ में गांधी एवं शास्त्री जयंती गरिमा के साथ मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** जनपद न्यायालय, लखनऊ में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अत्यंत गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु न्यायालय परिसर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ मलखान सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया



गया। सर्वप्रथम जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## ग्रेटर नोएडा में गूंजा नमो सेवा का संदेश, पंकज चौधरी का जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में भाजपा की ओर से नमो सेवा की अनकही कहानियां कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**जीएल बजाज कॉलेज में नमो सेवा की अनकही कहानियां कार्यक्रम, मेट्रो स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन**

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष का उल्लेख करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित से जुड़े प्रेरक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम से पहले प्रदेश अध्यक्ष का गलगोटिया/नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन पर भाजपा नेता









प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करते भाजपाई

एवं जेवर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया।

**25 वर्ष की सार्वजनिक सेवा यात्रा का किया उल्लेख**

पंकज चौधरी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सार्वजनिक पद की जिम्मेदारी संभाली थी और अक्टूबर 2026 में उनकी सार्वजनिक सेवा यात्रा के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवधि में सेवा, संगठन, प्रशासन और राष्ट्रहित से जुड़े अनेक कार्य हुए हैं। नमो सेवा की अनकही कहानियां के माध्यम से ऐसे प्रेरक प्रसंगों को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिनकी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती।

उन्होंने गुजरात के भुज भूकंप के बाद पुनर्निर्माण, निवेश, सड़क, एयरपोर्ट, पोर्ट और रेल कनेक्टिविटी समेत विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख किया। साथ ही उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था, निवेश और विकास से जुड़े कार्यों की चर्चा की।

**फर्जी भुगतान** | बिना मजदूरों के मस्टर रोल पर लग गई हाजिरी, और हो गया फर्जी भुगतान

# नियमों का उल्लंघन कर सरकारी धन की लूट, दो बार निकाला पैसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** सरकार कितने भी दावे कर ले लेकिन ब्लॉक से लेकर जिले तक जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों की मिली भगत से ग्राम पंचायतों में प्रधानों और सचिवों ने नियमों को दरकिनार कर सरकारी धन का बंदर बांट करने में लगे हुए हैं। इसका ताजा उदाहरण विकासखंड माल की ग्राम पंचायत दनौर का सामने आया है जहां आरआरसी सेंटर का निर्माण करीब 2 वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका था परंतु सचिव ने 2025-26 के नए एस्टीमेट पर 20 2407 रुपए खर्च कर दिए गए जिसका एस्टीमेट 220000 का था वित्तीय वर्ष 2026- 27 के 15 मई से 7 जुलाई 2026 के बीच संपूर्ण धनराशि खर्च की गई जिसमें 109779 सामग्री पर दिखाए गए और शेष राशि सुनील और पिंटू के नाम मजदूरी के मद में दिखाई गई। इस कार्य में जो मस्टर रोल ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं उनमें कार्य का समय और मजदूरों के नाम नदारत हैं। इस एस्टीमेट में वित्तीय वर्ष 25- 26 में कोई धनराशि खर्च नहीं की गई । इसी कार्य में गोलू इंटरप्राइजेज का 28911 रुपए का बल लगा है और भुगतान यादव ट्रेडर्स को कर दिया गया है । इसलिए इसमें जिलाधिकारी की अनुमति जरूरी थी इसी प्रकार 2021-22 की आईडी संख्या 50277175 के एक लाख के एस्टीमेट में हैंड पाइप मरम्मत के नाम पर 17 मार्च 2026 को 86290 रुपए का भुगतान एक ही फार्म के नाम 17 मार्च की एक हैंड पाइप की फोटो डाल कर पैसे निकाल लिए गए। जो वित्तीय अनियमितता के दायरे में आता है। इसी प्रकार 2021-22 की ही आईडी पर फाइंड पाइप मरम्मत के नाम मई 2026 में ही पूरी धनराशि का भुगतान दिखाया गया है। सुनील कुमार के नाम हैंड पाइप मिस्त्री आरसी सेंटर निर्माण स्ट्रीट लाइट मरम्मत का पैसा कई बार निकाला गया लेकिन प्रधान पति से जब इस व्यक्ति के संबंध में पूछा गया तो उसने कहा कि मेरी पंचायत में सुनील कुमार पुत्र छोटेलाल नाम के व्यक्ति ने इस वित्तीय वर्ष में कोई काम नहीं किया है और मेरे गांव का एक व्यक्ति सुनील और दूसरा चंदवारा पंचायत का सुनील पहले काम करते थे परंतु इस वर्ष काम नहीं किया है कुछ देर बाद फोन पर कहा कि हां एक सुनील कुमार मसीढ़ा हमीर का आरआरसी सेंटर में काम करता था जिसके नाम भुगतान किया गया है जबकि हैंड पाइप मरम्मत के नाम पर उसके नाम जो भुगतान हुआ है उसकी जानकारी प्रधान पति को भी नहीं है। 2 अगस्त 26 का 80 स्ट्रीट लाइट मरम्मत का 750 रुपए प्रति लाइट के हिसाब से 60000 का भुगतान एक फार्म के नाम 24 अगस्त 2026 को कर दिया गया इससे







पूर्व भी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत होती रही है प्रधान पति ने कहा कि उसकी पंचायत में लगभग 100 स्ट्रीट लाइट लगी होगी। इससे साफ पता चलता है कि स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर भी फर्जी भुगतान किया गया है क्योंकि एक साथ अधिकांश लाइट खराब नहीं हो सकती हैं। तथा सभी स्ट्रीट लाइटों में एक समान खराबी भी नहीं हो सकती है तथा ब्रांडेड कंपनी की लाइटों की गारंटी भी 2 वर्ष की होती है फिर भी मरम्मत के नाम पर इस तरह से सरकारी धन की लूट मची हुई है यह अकेली पंचायत नहीं है जहां इस तरह से स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर पैसा निकाला गया है ऐसी कई पंचायतें हैं जहां स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर जमकर फजीर्वाड़ा किया गया है।

ग्राम पंचायत मझौवा में कभी प्रशासनिक खर्च के नाम पर और कभी अन्य कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया जबकि और पाइप मरम्मत आदि का अलग खर्च दिखाया जाना चाहिए परंतु कहीं कामों के बिल भी अपलोड नहीं किए गए हैं। किस पंचायत में 139144 के एस्टीमेट के सापेक्ष 118422 रुपए वित्तीय वर्ष 2025- 26 में खर्च किए गए इस कार्य में 3 सितंबर को एक ही हैंड पाइप की एक तथा 4 सितंबर को दो और और 18 नवंबर 25 को वही फोटो तथा एक ही हैंड पाइप की दो नई फोटो अपलोड कर दी गई। हैंड पाइप मरम्मत में फर्जी वाड़े का पता इस बात से चलता है कि 18 नवंबर वाली दो फोटो 28 अप्रैल 2026 को अपलोड करके 1 लाख का नया एस्टीमेट बना दिया गया जिसमें से 68400 इसी हैंड पाइप की मरम्मत के नाम पर दोबारा निकाल दिए गए। यहां कई बार प्रधान पुत्र के नाम पर भी पैसा निकाला गया है।





# एलआईसी चौराहे पर फटी पाइप लाइन,गहराया जल संकट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शहर के एलआईसी चौराहे पर पाइप लाइन फटने से क्षेत्र में हाहाकार मच गया। फटने से नगर पालिका के जल कल विभाग के अधिकारियों में भी खलबली मच गई। पानी नहीं आने पर लोगो की समस्या को देखते हुए पालिका के अफसरों ने रात में ही फटी पाइपलाइन को सही कराया। शुक्रवार की रात करीब 3 बजे तक कार्य जारी रहा।



एलआईसी चौराहे पर लाइन में आई खराबी को सही कराए जाने के लिए सड़क की खुदाई करती जेसीबी।

### रात में ही फटी पाइपलाइन को कराया गया सही

एलआईसी चौराहे की पाइप लाइन में आए दिन खराबी आती रहती है। कभी वाल्व में दिक्कत तो कभी वाल्व का फटना या फिर पाइप लाइन फट जाना। गुरुवार की सुबह एलआईसी चौराहे पर पानी की पाइप लाइन फट गई। पाइप लाइन में खराबी आने से आवास विकास, एलआईसी चौराहे समेत आसपास के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। लाइन में आई खराबी को सही करने के लिए विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचें।

लेकिन फटी हुई पाइप लाइन नहीं मिली। इसके बाद सड़क के बीचों बीच जेसीबी से गहरा गड्ढा कराया गया। जहां देखा गया कि बारीक सी लाइन फटी हुई थी। इसके बाद फटी हुई लाइन को सही करने के लिए कर्मचारी जुटे रहे। आपूर्ति चालू होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जलकल विभाग के सहायक अभियंता विकास चौहान ने बताया कि एलआईसी चौराहे की पाइप लाइन में कुछ दिक्कत आ गई थी। जिसे सही करा दिया गया। अब सप्लाई नॉर्मल है।

# ऑटो चालक का शव मिला, परिजनों का हत्या का आरोप, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

### अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद साप्ताहिक बाजार का मामला

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में ऑटो चालक का शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है



कोतवाल से जानकारी करते एसपी

घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद साप्ताहिक बाजार के पास की है। शौकत नगर गांव निवासी शराफत अली का बेटा मोहम्मद राशिद उम्र 24 वर्ष ऑटो चलाता था।युवक देर रात सवारी भरकर मिलक खानम गया था। रात 12:बजे परिजनों ने युवक से बात की तो उसने मिलक खानम होने की बात बताई। शुक्रवार सुबह युवक का शव खौद साप्ताहिक बाजार से पैगा मार्ग पर ऑटो के अंदर पाया गया। राहगीरों ने ऑटो में युवक का शव देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच।युवक की मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया।कुछ देर के अंदर ही मृतक के परिजन एवं रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों नें पुलिस को अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दे दी।सूचना पर पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद पुलिस से पुलिस अधीक्षक ने तुरंत जांच कर मामले के खुलासे को कहा। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत होने की स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिलक खानम से लेकर अजीमनगर तक पुलिस सीसीटीवी कैमरा को चेक कर रही है।



मृतक का फाइल फोटो

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस वार्ता आज

**रामपुर।** श्री सनातन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे वृन्दावन से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सुबह 9 बजे से कृष्ण लीला ओर रात्रि 9 बजे से रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को उत्सव पैलेस से प्रेस वार्ता हैं। इसे मीडिया से रूबरू होकर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### आधी रात को घर के बाहर पुलिस का पहरा,दिल्ली जाने से रोका गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोकतंत्र की आवाज बुलंद करने के लिए जाने से पहले देर रात पुलिस द्वारा घर के बाहर पहरा लगाए जाने पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य फैसल खान लाला ने कहा कि गांधी के देश में गांधी वादी तरीके से आंदोलन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है इसलिए गांधी जयंती के मौके पर वह अपने ज़िलाध्यक्ष अंसार भाई एवं साथी सभासदो के साथ संजय सिंह के आह्वान पर दिल्ली जंतर-मंतर जाने के लिए देर रात घर से निकलने वाले थे, लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गई, देर रात पुलिस ने उनके घर को घेर लिया और उन्हें दिल्ली जाने से जबरन रोक दिया। कहा कि यह कैसी तानाशाही है? रात के पौन बजे घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को भी दोहराते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को लेकर उठ रहे सवालों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारी मांग स्पष्ट है, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें। लोकतंत्र में जनता के सवालों और विपक्ष की आवाज को दबाने के बजाय उनका जवाब दिया जाना चाहिए।इस दौरान यासीन अली गुड्डू सभासद, मौहम्मद जफर सभासद, हबीब अहमद सभासद, जिला प्रवक्ता रय्यान खां, वरिष्ठ नेता सिफत अली खां, बशीर अहमद सभासद, मौहम्मद अय्यूब सभासद, नाजिम अली, मौहम्मद तारीक सभासद, मौहम्मद वकील सभासद, शकील अंसारी सभासद, फैजान सैफी सभासद, शहर उपाध्यक्ष अल्तमश, सोशल मीडिया प्रभारी अरहम खान आदि सुबह तक फैसल लाला के घर पर डटे रहे।



पुलिस के साथ चलते फैसल लाला

### विकास भारती स्कूल में गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** विकास भारती स्कूल में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति के आदर्शों को प्रस्तुत किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रासंगिक हैं।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इसके अलावा सवेर्कारी इंटर कॉलेज मसवासी और बाजार खाता में मलिक मोंटेसरी स्कूल पर गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती विधिवत रूप से मनाई गई इस मौके पर प्रधान अध्यापिका सर्वजीत कौर आयशा महफूज जहां लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।



ध्वजारोहण करते अतिथि

# युवाओं और खादी कामगारों ने खादी के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग, मेरा युवा भारत एवं जीटी भारत के संयुक्त तत्वावधान में खादी ग्रामोद्योग सेवा सदन, सीओडी फार्म, आगा पुर रोड पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के तहत रन फॉर खादी खादी जागरूकता रैली, हस्ताक्षर फॉर खादी एवं चरखा डेमो का आयोजन किया। खादी यात्रा का संचालन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला युवा अधिकारी एवं निदेशक आरसेटी द्वारा किया गया।जागरूकता रैली में 100 से अधिक युवाओं एवं खादी कामगारों ने प्रतिभाग किया। रैली का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रति जागरूक करने के साथ देश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश देना रहा। खादी को अपनाने और स्थानीय कत्तिनों एवं बुनकरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग का आह्वान किया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खादी पहनना स्थानीय कत्तिनों और बुनकरों के साथ जुड़ने तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि आइए हम सब मिलकर खादी अपनाएं। सार्वजनिक जीवन में खादी को हिस्सा बनाएं। इस गौरवशाली परंपरा को नई पहचान दें।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

# गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी समाधि परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी के चित्र एवं समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और मानवता के सिद्धांतों को स्मरण किया।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प चढ़ाते कांग्रेसी

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश और समाज को शांति, न्याय, समानता तथा भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय कपूर ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर देश को स्वतंत्रता के संघर्ष में नई दिशा दी। उनके विचार केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम में बाकर अली खान, आमिर कुरैशी, नोमान मुमताज खान, शारिब अली खान, शकील मंसूरी, मोहम्मद रफी, इमरान पाशा, मोहम्मद जकी, फहीम पहलवान, नासिर अली, शाहबाज खान एडवोकेट, कलाम पाशा, साहिर रजा खान एवं उमेश दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं व ग्रामवासियों ने मिलकर राम धुन गाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय को फूलमालाओं से सुसज्जित किया गया । कुछ बच्चों के द्वारा सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया गया और गांधी जयंती से संबंधित एक रंगोली भी बनाई गई ।

तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक व ग्रामवासी विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया व शपथ ली गई ।फिर सभी ने गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।शिक्षको ,छात्र-छात्राओं व ग्राम वासियों ने मिलकर राम धुन भी गायी।प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कक्षा 5 के कुछ बच्चों के द्वारा गांधी जयंती पर भाषण दिया गया। इसके बाद बच्चों को कुछ प्रतियोगिताएं भी करवाई गई जिनमें विजई छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विक्रम कुमार, ज्योति ,नेहा गुप्ता, हुमा, निदा खान, कैलाश बाबू, अशरफी लाल, भूपराम, भगवान दास, कैलाशी देवी आदि उपस्थित रहे।





चित्र पर पुष्प चढ़ाते बच्चे

# गांधी जयंती पर सीओ देवकीनंदन के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शाहाबाद में स्वच्छता अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय की संयुक्त टीम ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और अग्निशमन कर्मियों ने श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वच्छता अभियान के तहत टीम ने कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की।एकत्रित कूड़े-कचरे को हटाया। अभियान के माध्यम से कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के साथ-साथ आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। आसपास साफ-सफाई बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।अभियान में अग्निशमन विभाग एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों ने सहभागिता की।





स्वच्छता अभियान में शामिल सीओ देवकीनंदन

### सप्ताह भर में होगी नगर पालिका की बोर्ड की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में सप्ताह भर में बोर्ड की बैठक होगी।

इसको लेकर अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने पालिका के समस्त विभाग अध्यक्ष, लेखाकार और कार्यालय अधीक्षक को अवगत कराया है कि नगर पालिका में जल्द ही बोर्ड बैठक आहूत होनी है। इसको ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्य बोर्ड स्वीकृत में शामिल करने के लिए जो प्रस्ताव बोर्ड में स्वीकृत के लिए अनुमोदन रखे जाने हैं। इसलिए सभी तीन दिन के भीतर एजेंडा लिपिक को प्रस्ताव प्रस्तुत करा दें।

जिससे कि प्रस्ताव आगामी बैठक में रखा जाए। मालूम हो कि पिछले दिनों बोर्ड की बैठक 16 जुलाई को नगर पालिका के सभागार में हुई थी। उसके बाद अब बैठक होनी है। इसलिए ईओ ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि इसलिए सभी तीन दिन के भीतर एजेंडा लिपिक को प्रस्ताव प्रस्तुत करा दें। वहीं दूसरी और बैठक की तैयारियों की पालिका प्रशासन जुट गया है।

**सूचना**

मैं कि मो. शुऐब पुत्र शाहिद हुसैन निवासी मोहल्ला हकीमान तहसील शाहबाद जिला रामपुर का हूँ। प्रार्थी एक किता प्लाट गाटा सं. -649 एरिया 0.1308 हे. स्थित ग्राम मित्तरपुर कल्लू तहसील शाहबाद जिला रामपुर उ.प्र. में है जिसका प्रार्थी जरिये बैनामा दिनांकी 22.11.2021 दस्तावेज सं.-7068 मालिक व काबिज हैं, जिसका लिंक मूल बैनामा दिनांकी 29.09.2018 दस्तावेज सं.-5546 पर दर्ज है एवं जिसकी चौहददी पुरब में-चकमार्ग, पश्चिम में खेत मूलचन्द 15 बीघा, उत्तर में-खेत इरशाद खान 2 बीघा, दक्षिण में-खेत खालिद हुसैन 4 बीघा है।

यह कि मूल लिंक बैनामा दिनांकी 29.09.2018 दस्तावेज सं.-5546 ताजदार खां पुत्र लियाकत खां निवासी मोहल्ला जिलेदारान कस्बा व तहसील शाहबाद जिला रामपुर द्वारा असलम अली पुत्र नौशे अली निवासी 71, ब्लाक डी. गली नं.-8ए संगम विहार तालिमाबाद दक्षिणी दिल्ली के हक मे निष्पादित एवं रजिस्ट्रीकृत किया गया था यह कि प्रार्थी की उपरोक्त सम्पत्ति का लिंक मूल बैनामा दिनांकी 29.09.2018 दस्तावेज सं.-5546 जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय रजिस्ट्रेशन तहसील शाहबाद जनपद रामपुर उ.प्र. मे वही नं.-1, जिल्द सं.-3149, पृष्ठ सं. -297 से 320 दस्तावेज सं.-5546 रजि. दिनांक 29.09.2018 जो कि जिला कचहरी रामपुर से फोटो स्टेट कराकर आते समय रास्ते में गिरकर कहीं गुम हो गया है जो कि काफी तलाश करने के बाबजूद भी प्रार्थी को प्राप्त नहीं हो सका।

उपरोक्त विवरण का लिंक मूल बैनामा दिनांकी 29.09.2018 दस्तावेज सं0-5546 को किसी भी बैंक या अन्य किसी वित्तीय सरकारी या गैर सरकारी संस्था मे बंधक नहीं किया गया है और न ही उपरोक्त मूल बैनामे का किसी प्रकार से दुरूपयोग किया गया है और बैनामा गुम हो जाना एक सहवन गलती है। यह कि मेरी उपरोक्त विवरण की सम्पत्ति को श्रीराम फाईनेन्स रामपुर मे बंधक किया जाना है यदि किसी व्यक्ति या सरकारी या गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सम्बन्धित बैंक मे या अधोहस्ताक्षरित पर अपनी आपत्ति 15 दिन के भीतर दर्ज करवा सकता है मियाद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई दावा या क्लेम किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं होगा। नोट:- उपरोक्त लिंक मूल बैनामा दिनांकी 29.09.2018 दस्तावेज सं.-5546 के गुम होने की सूचना सम्बन्धित सिविल लाइन्स थाने मे दिनांक 19.9.2026 को दर्ज करवा दी गयी है।

द्वारा अधिवक्ता
जितेन्द्र प्रधान एडवोकेट चैम्बर नं-100,
जिला कचहरी जिला रामपुर

**आयोजन** — तंबोला सरप्राइज, डांस प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# भारतीय नारी सब पर भारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** वैश्य समाज महिला संगठन यूथ क्लब के द्वारा, महिलाओं के सम्मान समारोह के उपलक्ष्य में भारतीय नारी सब पर भारी रंगारंग कार्यक्रम होटल मंथन में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम का नाम (नारी रत्न) रखा गया।

जिसमे नारी शक्ति को सम्मानित करने एवं नारी शक्ति का भूमिका, हम सब के जीवन में विशेष महत्व रखती है।नारी सशक्तिकरण के योगदान को कभी भुलाया भी नहीं जा सकता। आज की नारी घर और बाहर दोनों जगह एक महत्वपूर्ण भूमिका को निभा रही है, मान्यता है कि नारी त्याग है नारी शक्ति है,उसके बिना जीवन अधूरा और उससे ही जग की पहचान है,आओ हम सब संकल्प लेते हैं कि हर नारी का मान बढ़ाएंगे और उसके सपनों को पंख देकर नया आसमान बनायेंगे ।कार्यक्रम में वैश्य समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता एवं अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, गुंजन सक्सेना, सुमन तोमर, ऋचा अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। वैश्य समाज प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता ने बताया कि हम सबको भेदभाव भूलकर आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए और एक साथ मिलकर सभी पर्वों मनाना चाहिए।प्रीती अग्रवाल एवं,शालिनी अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाते हुए अनेकों गेम्स तंबोला सरप्राइज डांस प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर मेघा अग्रवाल,नेहा जिंदल, आंचल अग्रवाल ,नेहा जिंदल शुभी अग्रवाल , प्रीति अग्रवाल,सोनी अग्रवाल,अल्पना अग्रवाल, इना गुप्ता ,लता गुप्ता,हेमलता सक्सेना, भाषी अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, मोनिका गोयल, दीपिका अग्रवाल,अंकित अग्रवाल, रूबी अग्रवाल सुषमा गुप्ता,आदि सदस्य एवं अतिथि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com





# गांधी जयंती पर गूंजा सत्य-अहिंसा का संदेश,शहीदों को नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गांधी समाधि स्थल पर श्रद्धा और देशभक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं

## कृषि मंत्री ने युवाओं से बापू के आदर्श और शास्त्री जी के राष्ट्र सेवा के संदेश को अपनाने का किया आह्वान

राजस्व आनंद कुमार सिंह तथा सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम की उपस्थिति में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पचक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों गणमानी नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का गायन किया गया। इसके बाद राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। मुख्य विकास अधिकारी



गांधी समाधि पर ध्वजारोहरण करते मुख्य अतिथि

गुलाब चंद्र ने उपस्थित लोगों को एकता, अखंडता एवं अहिंसा की शपथ दिलाई। इसके उपरांत अन्य शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया गया।इस अवसर पर राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने जनपदवासियों को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के आदर्शों पर चलकर देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और गति प्रदान की।



पुरस्कार के साथ मौजूद विजयी बच्चे।



कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी के चित्र पर माला चढ़ाते डीएम

सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने देशवासियों में स्वतंत्रता की भावना को मजबूत किया।उन्होंने कहा कि गांधी जयंती उनके आदर्शों, सिद्धांतों और सद्विचारों को अपने जीवन में अपनाने का अवसर है।

विद्यार्थियों एवं युवा पीढ़ी को बापू के विचारों से प्रेरणा लेकर देशहित में अपना योगदान देना चाहिए। महात्मा गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता के माध्यम से देश को एक सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।राज्य मंत्री ने कहा कि गांधी जयंती उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने दृढ़ एवं शांत नेतृत्व प्रदान किया। वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान उन्होंने देश का नेतृत्व किया तथा जय जवान, जय किसान का प्रेरणादायी नारा दिया।कार्यक्रम के अंत में क्रॉस कंट्री रेस के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

रामपुर।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। जिलाधिकारी ने सभी को देश की एकता, अखंडता, अहिंसा एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई।जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्राओं ने गांधी के प्रिय भजनों के साथ रामधुन एवं वैष्णव जन तो तेने कहिए की प्रस्तुति दी।

# रालोद ने पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी ने सत्य, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग दिखाया, वहीं शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की मिसाल कायम की। दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी



कार्यालय पर मौजूद पदाधिकारी

हैं।इस अवसर पर सुमन सिंह परिहार, प्रभात भारद्वाज,नवाब खान, इकबाल खान, राशिद खान, सरदार दर्शन सिंह, फरमान अली,अर्जुन मौर्य, शंकर लाल लोधी, सतवीर सिंह,विनोद कुमार मौर्य,शावेज खान, हाजी अब्बास, इस्तेकार अली अनेक पदाधिकारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपीआई पर एमडीआर शुल्क स्वीकार्य नहीं: शैलेन्द्र शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रामपुर।** 15 अक्टूबर से यूपीआई पर 0.4 प्रतिशत का एमडीआर शुल्क लगाए जाने के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बैठक में 18 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। सर्वसम्मति से तय किया था कि यूपीआई पर एमडीआर लगाए जाने का संगठन द्वारा विरोध किया जाएगा।सभी प्रदेश इकाई संगठन अपने-अपने प्रदेशों में 02 अक्टूबर के दिन से इस विरोध के कार्यक्रमों को शुरू करेंगे और देश के जनपद मुख्यालयों पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विरोध कार्यक्रमों को आरंभ करेंगे।2 अक्टूबर को नो यूपीआई दिवस के रूप में मनाएंगे। आज के दिन यूपी आई के माध्यम से कोई लेनदेन नहीं करेंगे।

इसी सिलसिले में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा गांधी समाधि स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो अक्टूबर को नो यूपीआई दिवस के रूप में रखे जाने की घोषणा की। कोई भी यूपीआई लेनदेन न करने का सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, शाहिद शम्सी, शुएब मोहम्मद खां,हारिस शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल, राम गुप्ता, बिलाल शमसी, इमरान सलीम मौजूद रहे।

# वृद्ध आश्रम में भागवत कथा का हुआ समापन

## कृष्ण भक्ति और संस्कारों का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** वृद्ध आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण दद्दा महाराज ने कृष्ण भक्ति के महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने गोपी और श्रीकृष्ण के बीच अनन्य प्रेम एवं भक्ति के भाव का सुंदर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए कथा का समापन किया।

महाराज ने कहा कि वर्तमान युग में मनुष्य को भगवान की भक्ति के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का पालन भी पूरी श्रद्धा से करना चाहिए। महिलाओं के लिए कहा कि वे अपने पति एवं परिवार की सेवा, प्रेम और समर्पण के साथ अपने जीवन को सार्थक बना सकती हैं तथा सद्कर्म और भक्ति के मार्ग पर चलकर मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं।कथा व्यास महाराज जी ने कहा कि समाज की आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बच्चों को ऐसे संस्कार दिए जाने चाहिए कि वे अपने माता-पिता को जीवनभर सम्मान दें।इस अवसर पर विष्णु शरण अग्रवाल, जी के श्रीवास्तव, संजीव यादव एडवोकेट, राम नाथ सिंह, राम सरण यादव, राम किशोर शर्मा,राज रानी शर्मा सहित गोसेवा गोपाल सेवा समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं श्रोता उपस्थित रहे।कथा के समापन पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।वृद्ध आश्रम परिसर भगवान श्रीकृष्ण एवं कथा व्यास महाराज के जयकारों से गूंज उठा।



कथा में मौजूद भक्त

# गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल में हुआ ध्वजारोहण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मेंहदीपुर मिलक स्थित हीरा लाल स्मारक महाविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रातः 8.30 बजे पर ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया जिस के बाद महाविद्यालय के छात्रों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया ध्वजारोहण का कार्यक्रम विद्यालय के मैनेजर विशाल राजपूत द्वारा किया गया।इस मौके पर प्राचार्य निधि भारद्वाज ,अक्षिता शर्मा,सूर्य प्रकाश ,जितेंद्र कुमार , चरण सिंह ,धनपत सिंह एवं आदि छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# गांधी एवं शास्त्री जयंती पर विद्यालय और कॉलेज में हुए कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्वार।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को गांधी के सत्य एवं अहिंसा के विचारों और शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्र सेवा एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण से परिचित कराया गया।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता, अनुशासन, सत्य बोलने और देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छ, शांतिपूर्ण, सत्य एवं अहिंसा पर आधारित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय मधुपुरी के साथ ही संकुल के सभी विद्यालयों में गांधी एवं शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, तहसील क्षेत्र के मसवासी स्थित एम आर एम इंग्लिश मीडियम नेशनल पब्लिक स्कूल मैं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए ' इस दौरान उमा, रफी, रेहान', दीपिका कटारिया, आदि विद्यालयों के डायरेक्टर प्रधानाध्यापक आदि मौजूद रहे।



गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प चढ़ाते बच्चे

## संक्षिप्त समाचार

### महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरित हुए नौनिहाल, लालपुर कलां में धूमधाम से मनी जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सैदनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही निबंध लेखन एवं गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को लड्डू वितरित किए गए। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों और बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे

### हमें अपने जीवन में राष्ट्रपिता के आदर्शो पर चलना चाहिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को प्रातः 9 बजे कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तदुपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए राष्ट्रगान के उपरांत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया तथा रामधुन का भी वाचन किया गया।समस्त स्टाफ को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई तथा अपने संबोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमें अपने जीवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलना चाहिए।



कर्मचारियों को शपथ दिलाती बीएसए

### भारत को आजादी दिलाने में बापू की अहम भूमिका: ओमप्रकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी के नेतृत्व में महात्मा गांधी की समाधि पर हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में राजकीय जुल्फिकार कन्या इण्टर कॉलेज की कलर पार्टी एवं जैन इण्टर कॉलेज के बैण्ड ने मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख की अगवानी की। कन्या इण्टर कॉलेज खारी कुआं,विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नेहरू नगर पालिका कन्या इण्टर कालेज की गाइड एवं विभिन्न स्कूलों के स्काउट उपस्थित रहे। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद जनपदीय कार्यालय पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्काउट-गाइड को संबोधित करते हुए जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी ने प्रेम,सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए भारत को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने,नमक सत्याग्रह आंदोलन,सविज्ञा आन्दोलन एवं अंग्रेंजो भारत छोड़ो आन्दोलन के जरिए भारतीय के मन में आजादी का बिगुल फूंका। इस अवसर पर जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट जीतू कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेम पाल सिंह, प्रियांशु प्रजापति, राम बहादुर, अजीजुद्दीन अंसारी, गाइड सलोनी गौड़, अनुष्का,नाजिया, अनीता मौर्य, शिवम,बाबी सिंह चंदेल, मो अदीब,मो अयान, अब्दुल्ला अंसारी, संदीप,सोनू आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

### गांधी और शास्त्री जयंती पर एबीवीपी ने किया पुष्पांजलि कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की शाहाबाद नगर इकाई ने करियर प्वाइंट लाइब्रेरी में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष शिवम चौहान और नगर मंत्री वरुण बरनवाल सहित कार्यकताओं व विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नगर मंत्री वरुण बरनवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता आंदोलन में एकजुट किया, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा की मिसाल पेश की। दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके विचारों को अपनाकर युवा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



श्रद्धा सुमन अर्पित करते एबीवीपी कार्यकर्ता

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल उपचार के दौरान मौत, मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धमोरा।** रामपुर-बरेली हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया और वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। जिससे बाइक सवार युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित मेघा नगला गांव के सामने दोपहर तीन बजे की है। पटवाई थाना क्षेत्र के ढोलसर मतवाली गांव निवासी राहुल पुत्र यशवीर सिंह किसी काम से रामपुर बाइक से सवार होकर गया था। इस दौरान जैसे ही राहुल की बाइक शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित मेघा नगला गांव के समीप पहुंची तो पीछे से तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद राहुल अपनी बाइक का नियंत्रण खो बैठा और बाइक समेत रोड किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि अज्ञात वाहन रौंदता हुआ मौके से फरार हो गया। जिसके चलते आसपास मौजूद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर घायल को उठाया और हादसे की जानकारी थाना पुलिस को दे दी। हादसे की सूचना मिलती ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



मृतक का फाइल फोटो

**हादसा** कैंची धाम जा रहे थे सोनीपत के युवक, खूंटाखेड़ा के पास नैनीताल हाईवे पर हुआ हादसा

# ढाबे पर साइड ले रही कार में पीछे से घुसी दूसरी कार,पांच घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भोट।** नैनीताल हाईवे पर खूंटाखेड़ा गांव के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कारों में सवार कई लोग घायल हो गए। घायलों में पांच की हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखोदा निवासी पवन अपने दोस्त लक्ष्य और ऋतिक के साथ कार से कैंची धाम जा रहे थे। शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे उनकी कार खूंटा खेड़ा के पास हाईवे किनारे स्थित ढाबे पर रुकने के लिए साइड ले रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी।दूसरी कार गाजियाबाद जिले के मसूरी थाना क्षेत्र के डासना निवासी अश्वनी चला रहे थे। उनके साथ डासना निवासी कुंवर प्रताप सिंह, आकाश और जीतू तथा हापुड़ जिले के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के सत नौर निवासी हिमांशु सवार थे। टक्कर के बाद दोनों कारों में सवार लोग घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अश्विनी, जीतू, पवन, कुंवर प्रताप सिंह और लक्ष्य को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों कारों को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मामले में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।




# लगातार तीसरी बार राज्य महिला आयोग की सदस्य बनीं सुनीता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ में सुनीता सैनी को लगातार तीसरी बार सदस्य बनाए जाने पर उन्होंने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग में लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर मिलना उनके लिए गौरव के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। महिलाओं की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मिली जिम्मेदारी का निर्वहन वह पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ करेंगी।



## सम्पादकीय

# भारतीय कूटनीति की सफलता



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

ब्रिक्स+ के जरिए विकासशील देशों में आपसी सहयोग की जमीन तैयार हुई है, इसकी पुष्टि नई दिल्ली में हुई। यह भी जाहिर हुआ कि भारत और चीन के संबंध में सुधार ब्रिक्स+ की प्रगति के लिए अनिवार्य है। साझा बयान पर सहमति बन जाना ब्रिक्स+ के 18वें शिखर सम्मेलन की बड़ी कामयाबी रही। इसका काफी श्रेय मेजबान भारत को दिया जाएगा। पश्चिम एशिया के युद्ध में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को एक वक्तव्य पर सहमत कर लेना भारतीय कूटनीति की सफलता मानी जाएगी। कहा जा सकता है कि ब्रिक्स+ के नई दिल्ली घोषणापत्र की भाषा नरम है, जिसमें ठोस मुद्दों पर अक्सर प्रत्यक्ष उल्लेख से बचा गया है। फिर भी इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि वक्तव्य में ब्रिक्स+ की सोच, दिशा, और मकसद का विस्तार से जिक्र हुआ।

एकतरफा जबरिया कार्रवाई की निंदा, टैरिफ के जरिए मुक्त व्यापार विरोधी कदम की आलोचना, गजा में फिलस्तीनियों के बेदखली का विरोध, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में सुधार का समर्थन, आपसी कारोबार अपनी मुद्रा में करने का इरादा, और विकासशील देशों के बीच सहयोग आदि का स्पष्ट उल्लेख कर ब्रिक्स+ देशों ने साफ संदेश दिया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थिति में वे कहां खड़े हैं। ब्रिक्स+ के न्यू डेवलपमेंट बैंक को और मजबूत करने और सदस्य देशों में विकास परियोजनाओं उसकी सहायक भूमिका बढ़ाने पर बनी सहमति का दूरगामी अर्थ है। दरअसल, इसी तरह की पहल के जरिए ब्रिक्स+ वर्तमान विश्व व्यवस्था के समानांतर गरीब एवं विकासशील देशों के बीच ठोस एवं भौतिक सहयोग की जमीन तैयार कर रहा है। चूंकि इस समूह में शामिल देशों के बीच कोई विचारधारात्मक या रणनीतिक साझापन नहीं है, अतः कई बार उनका एक दूसरे के हितों के खिलाफ काम करते दिखना और उस कारण ब्रिक्स+ के ठहराव का शिकार हो जाना सामान्य बात है। इसके बावजूद इस समूह के जरिए गुजरे दो दशकों में आर्थिक, वित्तीय एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए आपसी सहयोग की जमीन तैयार हुई है, इसकी पुष्टि नई दिल्ली में हुई। यहां यह भी जाहिर हुआ कि भारत और चीन के बीच तनाव का घटना ब्रिक्स+ की प्रगति की एक प्रमुख शर्त है। चूंकि हाल में ऐसा होता नजर आया है, इसलिए मंडराती तमाम आशंकाओं के बावजूद नई दिल्ली शिखर सम्मेलन इस समूह के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मुकाम बना। यह इसके लिए आशाजनक संकेत है।




# यमुना के कालिंदी कुंज तट पर सेवा का वह स्वर्णिम सवेरा



विनोद सिंह

अक्टूबर माह की पहली तारीख। दिल्ली की सुबह में हल्की ठंडक, सुहावनी हवा और आसमान पर फैली नर्म रोशनी के बीच रायसीना मार्ग स्थित नेशनल मीडिया सेंटर का वातावरण हमें कुछ अलग ही अनुभूति करा रहा था।रोज की भागदौड़ से अलग मन में विशेष उत्साह था।अगले दिन 2 अक्टूबर है,जब देश राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने जा रहा था। दोनों महापुरुषों का जीवन सेवा, सादगी,सत्य,स्वच्छता और राष्ट्रनिष्ठा का संदेश देता है।

इसी भावभूमि में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से यमुना के कालिंदी कुंज तट पर आयोजित स्वच्छता एवं सेवा अभियान में सहभागी बनने का अवसर मिला। मेरे लिए यह किसी सरकारी कार्यक्रम में भागीदारी भर नहीं थी। यह अपने शहर,अपने समय और अपनी नागरिक जिम्मेदारी को यमुना के किनारे खड़े होकर करीब से महसूस करने का अवसर था।वर्ष 2026 के स्वच्छता अभियान का संदेश ह्यस्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारतह्व है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे इस अभियान में स्वच्छता को सरकारी गतिविधि से आगे ले जाकर जनभागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ने पर बल दिया गया है।स्वैच्छिक श्रमदान इसी भावना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।रायसीना मार्ग से हमारी यात्रा शुरू हुई।इस यात्रा का सबसे दिलचस्प हिस्सा थी वह पुरानी-सी टूरिस्ट बस,जो आधुनिक दिल्ली की चमचमाती तस्वीर से बिल्कुल मेल नहीं खाती थी।बस अपनी उम्र की कहानी कह रही थी।कहीं से थकी हुई, कहीं से खटारा-सी दिखाई देती थी,लेकिन उस सुबह उसमें बैठने वालों के लिए उसका महत्व किसी वातानुकूलित लग्जरी बस से कम नहीं था।शायद इसलिए कि उस दिन बस की मंजिल पर्यटन नहीं,सेवा थी।बस में अधिकारी,पत्रकार,फोटो पत्रकार, चालक,सहयोगी और कुछ अन्य साथी थे। न कोई बड़ा काफिला, न कोई दिखावटी तामझाम।किसी के हाथ में कैमरा था,किसी के पास नोटबुक और किसी के मन में यमुना के प्रति चिंता।मेरे लिए यह पत्रकारिता की एक अलग तस्वीर थी।सामान्यतः पत्रकार किसी घटना को देखने, सुनने और लिखने के लिए पहुँचता है। उस दिन हम केवल देखने वाले नहीं थे।हम स्वयं सेवा अभियान का हिस्सा बनने जा रहे थे।कैमरा और कलम के साथ हाथ में श्रम की जिम्मेदारी भी थी।दिल्ली की सड़कें धीरे-धीरे जाग रही थीं। कहीं दूध की गाड़ियाँ थीं,कहीं काम पर निकलते लोग और कहीं सुबह की सैर करते नागरिक। इसी जीवंत दिल्ली के बीच बहती यमुना हमारी यात्रा का अगला पड़ाव थी। .राजधानी की जीवनरेखा कही जाने वाली यह नदी सदियों से दिल्ली के इतिहास,संस्कृति और सभ्यता की साक्षी रही है। इसके किनारे साम्राज्य बने,बस्तियाँ बसीं और आधुनिक दिल्ली का विस्तार हुआ।आज यही यमुना हमारी पर्यावरणीय चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी की कसौटी भी बन चुकी है।जब हमारी बस कालिंदी कुंज तट के करीब पहुँची तो वातावरण में एक अलग गंभीरता महसूस हुई।सामने यमुना नदी थी और आसपास स्वच्छता अभियान की तैयारियाँ।कुछ क्षण के लिए लगा कि हम किसी सामान्य कार्यक्रम में नहीं,बल्कि उस नदी के सामने खड़े हैं जिसने सदियों से हमारी सभ्यता को अपने आँचल में सँजोया है।यहीं गाँधी और शास्त्री की स्मृति इस यात्रा से स्वतः जुड़ जाती है।महात्मा गाँधी के लिए स्वच्छता केवल सफाई का विषय नहीं थी।वह सामाजिक चेतना और सार्वजनिक जीवन की जिम्मेदारी का हिस्सा थी। 2 अक्टूबर की पूर्व संध्या पर यमुना तट की सफाई में हाथ बँटाना उनके विचार को केवल याद करना नहीं, उसे कर्म में उतारने जैसा अनुभव था।लाल बहादुर शास्त्री का जीवन इसी भावना को सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के रूप में सामने रखता है।उनका जीवन यह संदेश देता है कि राष्ट्रसेवा केवल बड़े पदों पर बैठकर नहीं होती।अपने दायित्व को ईमानदारी से निभाना भी राष्ट्रसेवा है। यमुना तट पर श्रम करते हुए यही विचार बार-बार मन में आता रहा।हमारे हाथों में दस्ताने थे,सामने यमुना थी और आसपास सेवा में जुटे लोग।कुछ समय के लिए पत्रकार और अधिकारी की पहचान पीछे छूट गई थी।वहाँ केवल नागरिक होना महत्वपूर्ण था।यही सेवा की वास्तविक शक्ति है।जब पद और पहचान से ऊपर उठकर व्यक्ति स्वयं को समाज का हिस्सा मानता है,तब श्रमदान औपचारिकता नहीं रहता।कालिंदी कुंज यमुना संरक्षण में जनभागीदारी का महत्वपूर्ण स्थल भी बन चुका है।सितंबर 2025 में जल शक्ति मंत्रालय के नेतृत्व में यहाँ ह्यएक दिन, एक घंटा,एक साथह्व श्रमदान आयोजित किया गया था। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और राज्य मंत्री वी. सोमन्ना के साथ विभागीय अधिकारियों,युवाओं, विद्यार्थियों,गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। यह भागीदारी बताती है कि नदी संरक्षण का दायित्व केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रह सकता।यमुना की चुनौती केवल तट पर दिखाई देने वाले कूड़े तक सीमित नहीं है। नदी को स्वच्छ रखने के लिए सीवेज उपचार,नालों का प्रबंधन, औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी, ठोस कचरे का उचित निस्तारण और नागरिक व्यवहार में बदलाव जैसे अनेक स्तरों पर काम करना पड़ता है।नमामि गंगे कार्यक्रम में सीवेज उपचार,नदी सतह की सफाई,जैव विविधता संरक्षण, वनीकरण,जनजागरूकता और औद्योगिक अपशिष्ट की निगरानी जैसे प्रयास शामिल हैं।सरकारी आँकड़ों के अनुसार मार्च 2026 तक नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 524 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई थीं, जिनमें 355 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी थीं। जून 2026 तक इस कार्यक्रम के तहत 4,263 मिलियन लीटर प्रतिदिन की सीवेज उपचार क्षमता सृजित किए जाने की जानकारी दी गई।इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि नदी की वास्तविक सफाई केवल सतह से कचरा हटाने तक सीमित नहीं है।नदी में पहुँचने वाले प्रदूषित जल को रोकना और उसका उपचार करना भी उतना ही आवश्यक है।

इसीलिए श्रमदान और दीर्घकालीन नदी संरक्षण को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। श्रमदान नागरिक को अपनी जिम्मेदारी का प्रत्यक्ष अनुभव कराता है, जबकि सीवेज उपचार और प्रदूषण नियंत्रण जैसी व्यवस्थाएँ नदी के स्थायी पुनर्जीवन का आधार तैयार करती हैं।2025 के कालिंदी कुंज आयोजन में विद्यार्थियों,युवाओं, गैर-सरकारी संगठनों,नागरिक समाज और स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी इसी व्यापक सोच का संकेत थी। उसी वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान देशभर में 18 करोड़ से अधिक लोगों की जनभागीदारी का सरकारी आकलन सामने आया था। यह संख्या बताती है कि स्वच्छता का संदेश तभी स्थायी बन सकता है, जब वह सरकारी कार्यक्रम से निकलकर समाज के व्यवहार का हिस्सा बने।यमुना केवल दिल्ली की नदी नहीं है। यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा है।इसके किनारे हमारी सभ्यता की अनेक परतें विकसित हुई हैं।

## बूँद मिली जब सिंधु में

बूँद मिली जब सिंधु में, मिटा बूँद का भान।
मैं-तू का पर्दा गिरा, एक हुआ अरमान।

नदिया बनकर चल पड़ी, मन में लेकर आस।
राहों में पत्थर मिले, छोड़ी ना फिर प्यास।
सागर की ही ओर था, हर पल मेरा ध्यान।
बूँद मिली जब सिंधु में, मिटा बूँद का भान॥

मैंने खुद को ढूँढकर, पाया तेरा रूप।
धूप बनी तेरी हँसी, छाँव बना हर रूप।
तू ही मेरी साँस है, तू ही मेरी जान।
बूँद मिली जब सिंधु में, मिटा बूँद का भान॥

मैं थी अपना नाम ले, तू भी अपने नाम।
किया प्रेम ने अब हमें, एक धड़कता धाम।
न मैं रहा, ना तू रहा, मिटा अलग पहचान।
बूँद मिली जब सिंधु में, मिटा बूँद का भान॥

ना कोई दूरी रह गई, ना कोई व्यवधान।
रूह मिली जब रूह से, खिल उठा अरमान।
मैं-तू का पर्दा गिरा, एक हुआ जब गान।
बूँद मिली जब सिंधु में, मिटा बूँद का भान॥



डॉ.प्रियंका सौरभ

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# बिना शादी मां बनना चाहती है क्रिस्टल डिसूजा? एग्स फ्रीजिंग कराने की इच्छा जताई

टेलीविजन जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री और रियलिटी शो स्टार क्रिस्टल डिसूजा ने भविष्य में मां बनने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की है। 36 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा है कि वह अपने अंडाणुओं को सुरक्षित रखने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है और यह स्पष्ट किया कि उनकी पहली इच्छा स्वाभाविक रूप से मां बनने की है। यदि ऐसा रहेगा। क्रिस्टल ने बच्चों को गोद लेने के विकल्प पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने जैविक बच्चे नहीं चाहिए तो गोद लेना भी परिवार बनाने का अच्छा माध्यम है। दुनिया में ऐसे कई बच्चे हैं जिन्हें परिवार और बेहतर जीवन देने के लिए गोद लिया जा सकता है।

अंडाणु सुरक्षित रखने के बढ़ते चलन पर उन्होंने कहा कि आजकल महिलाएं अपने



संभव नहीं हो पाता है तो अंडाणु सुरक्षित रखना भविष्य के लिए एक विकल्प हो सकता है।

क्रिस्टल ने मातृत्व को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि कोई महिला भविष्य में अपने बच्चे चाहती है या किसी कारण से मातृत्व में देरी करना चाहती है तो अंडाणु सुरक्षित रखना एक विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह खुद भी इस प्रक्रिया के बारे में सोच रही हैं।

अभिनेत्री ने यह नहीं कहा कि वह बिना शादी के मां बनने की योजना बना रही हैं। उन्होंने केवल भविष्य में मां बनने की अपनी इच्छा और इसके लिए उपलब्ध विकल्पों के बारे में बात की। उनका कहना है कि वह चाहती हैं कि उनके बच्चे स्वाभाविक रूप से हों, लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहने पर अंडाणु सुरक्षित रखने का विकल्प मौजूद भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विकल्प पर विचार कर रही हैं। उनके अनुसार, यदि कोई महिला आगे चलकर अपने बच्चे चाहती है, लेकिन फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है, तो अंडाणुओं को सुरक्षित रखना एक विकल्प हो सकता है।

क्रिस्टल ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह एक दिन खुद के बच्चे चाहती हैं और उम्मीद करती हैं कि वह स्वाभाविक रूप से मां बनेंगी। हालांकि, यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो अंडाणु सुरक्षित रखने की तकनीक उनके लिए एक विकल्प रहेगी।

टेलीविजन जगत में इससे पहले भी कई चर्चित अभिनेत्रियों और हस्तियों द्वारा अंडाणु सुरक्षित रखने के बारे में सार्वजनिक रूप से बात की जा चुकी है। बढ़ती उम्र के साथ मातृत्व की योजना बनाने वाली महिलाओं के बीच यह प्रक्रिया चर्चा का विषय बनी हुई है।

# क्या आपकी इच्छाएँ आपकी बचत रोक रही हैं?



संजय अग्रवाला

बचत का महत्व हमारे जीवन में न केवल आर्थिक रूप से बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। बचत केवल पैसे को सुरक्षित करने का साधन नहीं है; यह एक आदत, एक व्यवहार और एक मानसिक स्थिति है जो व्यक्ति के भविष्य को सुरक्षित रखने के साथ-साथ वर्तमान में उसे आत्मनिर्भर और संतुष्ट महसूस करने का अवसर प्रदान करती है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, बचत एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति की इच्छाएँ, प्राथमिकताएँ, भावनाएँ और सामाजिक परिस्थितियाँ अहम भूमिका निभाती हैं। मनुष्य की प्रवृत्ति हमेशा से संसाधनों को संजोने और भविष्य के लिए सुरक्षित रखने की रही है। यह प्रवृत्ति आदिम काल से ही हमारे डीएनए में है। जब मनुष्य शिकार और खेती करता था, तब भी वह अतिरिक्त अनाज, भोजन और अन्य संसाधनों को जमा करता था ताकि कठिन समय में उनका उपयोग कर सके। यही प्रवृत्ति आज की आधुनिक बचत प्रणाली की जड़ है। हालांकि, आज के समाज में बचत केवल भौतिक संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वित्तीय बचत ने इसकी परिभाषा को विस्तारित कर दिया है। बचत करने की प्रेरणा कई बार भविष्य की अनिश्चितताओं से उत्पन्न होती है। जब व्यक्ति अपनी परिस्थितियों पर नियंत्रण की कमी महसूस करता है, तो वह भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बचत की ओर आकर्षित होता है। यह असुरक्षा की भावना बचत की शुरूआत में प्रमुख भूमिका निभाती है। उदाहरण के लिए, नौकरी में अस्थिरता, स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताएँ, बच्चों की शिक्षा या बुढ़ापे का आर्थिक प्रबंधन झ ये सभी कारण व्यक्ति को बचत के प्रति प्रेरित करते हैं। इसके अतिरिक्त, सामाजिक तुलना भी बचत की प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। हम अपने चारों ओर देखते हैं कि अन्य लोग क्या कर रहे हैं और उनकी जीवनशैली को देखकर अपनी प्राथमिकताओं को तय करते हैं। जब कोई व्यक्ति देखता है कि उसके पड़ोसी ने अपने बच्चों के लिए उच्च शिक्षा की योजना बनाई है या रिटायरमेंट के लिए धन जुटा रहा है, तो वह भी बचत करने के लिए प्रेरित होता है। यह प्रवृत्ति ह्यसामाजिक तुलना प्रभावह्व के रूप में जानी जाती है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, बचत एक प्रकार की स्वनियंत्रण प्रक्रिया है। इसमें व्यक्ति को अपने वर्तमान सुखों और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना होता है। उदाहरण के लिए, जब किसी को आज अपने पसंदीदा कपड़े खरीदने की इच्छा हो और वह इस खर्च को टालकर उस पैसे को भविष्य की जरूरतों के लिए बचाता है, तो यह उसकी स्वनियंत्रण क्षमता का प्रमाण है। यह क्षमता हर व्यक्ति में अलग-अलग होती है और यह इस पर निर्भर करती है कि व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्यों और प्राथमिकताओं को कैसे देखता है। भविष्य की कल्पना करने की क्षमता बचत की प्रेरणा में एक अहम भूमिका निभाती है। जब व्यक्ति अपने भविष्य को बेहतर और सुरक्षित देखता है, तो वह अपने वर्तमान के संसाधनों का प्रबंधन बेहतर तरीके से करता है। उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति रिटायरमेंट के बाद एक आरामदायक जीवन की कल्पना करता है, तो वह आज अधिक मेहनत करेगा और अपनी आय का कुछ हिस्सा बचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस प्रकार, भविष्य की कल्पना न केवल आर्थिक योजनाओं को प्रभावित करती है, बल्कि व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताओं को भी पुनः परिभाषित करने का अवसर देती है। इसके अलावा, बच्चों और परिवार की जिम्मेदारियाँ भी बचत की प्रक्रिया में एक अहम भूमिका निभाती हैं। जब व्यक्ति अपने परिवार की भलाई के लिए सोचता है, तो वह अधिक बचत करने के लिए प्रेरित होता है। माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा, शादी और अन्य आवश्यकताओं के लिए धन सुरक्षित रखते हैं। यह एक प्रकार की भावनात्मक प्रेरणा है, जो उन्हें अपने व्यक्तिगत सुखों को त्यागने और दूसरों के लिए सोचने को प्रोत्साहित करती है। व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य भी बचत की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। जो लोग अपने जीवन में अधिक तनावग्रस्त रहते हैं, वे बचत के प्रति कम प्रेरित हो सकते हैं, क्योंकि उनकी प्राथमिकता अपने वर्तमान तनाव को कम करना होता है। दूसरी ओर, जिन लोगों का मानसिक स्वास्थ्य स्थिर होता है, वे लंबी अवधि के उद्देश्यों के प्रति अधिक केंद्रित रहते हैं और बचत की आदत को बनाए रख पाते हैं। बचत के लिए प्रेरणा कई बार वित्तीय साक्षरता और शिक्षा पर भी निर्भर करती है। जब व्यक्ति को यह समझ होती है कि बचत का क्या महत्व है और इसे किस प्रकार किया जा सकता है, तो वह अधिक सक्रियता से बचत की योजना बनाता है। इसके विपरीत, वित्तीय शिक्षा की कमी से व्यक्ति अपनी आय और खर्चों का सही प्रबंधन नहीं कर पाता और बचत करने में असमर्थ हो सकता है। मनोविज्ञान यह भी कहता है कि बचत की आदत बचपन से ही डाली जानी चाहिए। जब बच्चे को छोटी उम्र में ही यह सिखाया जाता है कि पैसे का मूल्य क्या है और उसे कैसे बचाना चाहिए, तो वह बड़े होकर इस आदत को बनाए रखता है। उदाहरण के लिए, जब बच्चे को पॉकेट मनी दी जाती है और उसे सिखाया जाता है कि वह इसे तुरंत खर्च न करके एक गुल्लक में डालें, तो यह भविष्य में उसकी बचत की मानसिकता को मजबूत करता है। आधुनिक समय में, डिजिटल युग ने बचत को एक नया स्वरूप दिया है। ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश योजनाएँ और वित्तीय ऐप्स ने बचत को और अधिक सुविधाजनक बना दिया है। लेकिन इसके साथ ही, खर्चों की अधिकता भी बढ़ी है। आज की उपभोक्तावादी संस्कृति में व्यक्ति को हर समय नई चीजें खरीदने के लिए प्रेरित किया जाता है। ऐसे में बचत की प्रेरणा को बनाए रखना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। बचत के पीछे एक और मनोवैज्ञानिक कारक है झ आत्मसंतुष्टि। जब व्यक्ति देखता है कि उसने एक निश्चित राशि बचा ली है, तो उसे अपने आप पर गर्व होता है। यह गर्व उसे और अधिक बचत करने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रक्रिया में, बचत केवल एक आर्थिक क्रिया नहीं रह जाती, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने का साधन बन जाती है।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि बचत के लिए मनोवैज्ञानिक प्रेरणाएँ बहुआयामी होती हैं। यह व्यक्ति के व्यक्तिगत अनुभवों, सामाजिक परिवेश, भावनात्मक जुड़ाव और भविष्य की कल्पना पर आधारित होती हैं। बचत केवल एक वित्तीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह जीवन को व्यवस्थित करने और सुरक्षा प्रदान करने का एक माध्यम है।

## शानिवार का राशिफल

**मेष** — हृदय रोग की सर्जरी के लिए डॉक्टर समय देंगे, बैंक या ट्रेजरी जॉब के कार्य में ध्यान देना होगा, एमबीए की शिक्षा से जॉब मिलने में परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**वृषभ** — दूसरों को न्याय दिलाने में व्यस्त रहेंगे, पिता की जायदाद से कुछ कार्य कर सकते है, वजन ज्यादा ना बढ़ने दे, दिनचर्या व्यस्त रहेगी। भाग्य प्रतिशत-56

**मिथुन** — परिवार को सेक्योर कर दे उसके लिए कुछ करेंगे, नौकरी के साथ किसी अन्य काम में भी व्यस्तता बढ़ेगी, ब्लड प्रेशर का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-58

**कर्क** — नई नौकरी के काम में दिल से जुटेंगे, लोहा, स्पेयर पाट्र्स, केमिकल, मशीनरी व्यवसाय चलाने में अधिक प्रयास करना होगा, कर्मकांड से धन मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-53

**सिंह** — सेहत को नजरंदाज करना ठीक नहीं है, कम्युनिकेशन, मार्केटिंग के क्षेत्र में थोड़ी परेशानी होगी, जायदाद का बँटवारा सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** — परिवार में सबको बांधकर रखेंगे, जिम्मेदारी स्वयं उठाएंगे, मुँह में कुछ परेशानी सम्भव है, मां का मन बुझा सा रह सकता है। भाग्य प्रतिशत-68

**तुला** — अचानक टेंशन में आ सकते है, काम मैनेज करना मुश्किल हो सकता है, आंख, चेहरे, त्वचा में कोई समस्या सम्भव है, जल अधिक पिए। भाग्य प्रतिशत-49

**वृश्चिक** — अपनी बात गुप्त रखकर चल ने मे ही फायदा है, धन का अपव्यय होने से रोके, किसी रिश्तेदार की कड़वी बात बुरी लग सकती है। भाग्य प्रतिशत-48

**धनु** — कार्यक्षेत्र में लोगों को प्रभावित करने में पूरी कोशिश करेंगे, घर में किसी बात पर क्लेश सम्भव है, घर में सीलन आदि आ रहीं है तो ठीक करवा ले। भाग्य प्रतिशत-54

**मकर** — घर में शांति रहेगी, उलझनों से बाहर आयेंगे, सरकारी कार्य करने को मिलेगा, करियर की धीमी शुरूआत से घबराए नहीं। भाग्य प्रतिशत-56

**कुंभ** — पास पड़ोस से कोई काम पड़ सकता है, बहनो का किसी कार्य से मिलना होगा, जीवन साथी को पिता से कुछ सुनना पड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन** — कुटुंब के लोगों में मन लगेगा, किसी विषय पर अच्छी बात लोग सुनेंगे, सरकारी कार्य होने में दूसरी तारीख मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-57



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बहजोई।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन बहजोई में गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति शपथ दिलाई गई। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के आदर्शों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

पुलिस विभाग के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को जनसेवा, अनुशासन, ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को और मजबूत करना चाहिए।

# गांधी जयंती पर मंत्री गुलाब देवी ने किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**चंदौसी।** गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद चंदौसी में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने कार्यकताओं के साथ खुद झाडू लगाकर श्रमदान किया और लोगों से स्वच्छता अभियान में सहभागिता की अपील की।

नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय और अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने भी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पालिका स्टाफ के साथ रघुपति राघव राजा राम भजन का सामूहिक गायन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ चंदौसी ही विकसित चंदौसी की पहचान है। कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को नगर पालिका और इंडियन बैंक के सहयोग से प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छ सारथी क्लब के छात्र-छात्राओं, आईटीसी मिशन सुनहरा कल, आईईसी टीम और मीडिया प्रतिनिधियों को भी स्वच्छता जागरूकता में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, आईटीसी अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, जेई प्रमोद कुमार, लिपिक नरेश बाबू, चंद्रमोहन सैनी सहित सभासद, अधिकारी, कर्मचारी और स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों को सत्य-अहिंसा का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** ग्राम पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय संचालक महानंदन गौतम, प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी और स्टाफ ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और देश की आजादी में उनके योगदान की जानकारी दी। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन प्रवीन कुमार और नीरज शर्मा ने किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# वृद्धजनों के सम्मान से सराबोर हुआ वृद्धाश्रम, गीत-भजनों पर झूमे बुजुर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**चंदौसी।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शुक्रवार को आवासीय वृद्धाश्रम चंदौसी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने वृद्धजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था प्रभारी जितेंद्र कुमार और वृद्धाश्रम प्रबंधक ने अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी दी गई। जरूरत पड़ने पर मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस दौरान सभी वृद्धजनों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्हें वस्त्र, मिष्ठान और फल वितरित किए गए। साथ ही विशेष भोज की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में वृद्धजनों ने गीत-भजन प्रस्तुत किए और नृत्य कर खुशी मनाई। इससे आश्रम का माहौल उल्लासमय हो गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से चीफ डीसी संजीव राठौर, चंद्रपाल, वीडियो समाज कल्याण शिवनंदन शर्मा, एसीएमओ डॉ. हरविंदर सिंह, सुलह अधिकारी मनोज कठेरिया, समाज कल्याण पर्यवेक्षक मुनेश कुमार, जिला स्तरीय समिति की सदस्य पूनम अरोड़ा और वृजबाला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और अपनत्व की भावना को बढ़ावा देने के साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजन में संस्था प्रभारी जितेंद्र कुमार, वृद्धाश्रम प्रबंधन और कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# गांधी जयंती पर सरदार बलबीर सिंह के कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम, महापुरुषों को किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को 31 विधानसभा क्षेत्र चंदौसी के संभावित प्रत्याशी एवं जिला कांग्रेस कमेटी सम्भल के जिला उपाध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह के आवास/कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर सरदार बलबीर सिंह सहित उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

कार्यक्रम में संभावित प्रत्याशी सगीर सैफी एडवोकेट, सुनील शर्मा, मुनेश जोशी, दुष्यंत कुमार सिंह, संजय नागर, संजय सक्सेना, सुधीर गुप्ता, जिला अध्यक्ष मुहम्मद आरिफ तुर्की, सुनील यादव, अक्षय ठाकुर, संजीव साहू, सरदार टीटू सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, आरिफ खान, शब्बीर सैफी, जहीर अब्बास राना, उस्मान, जबरील खान, अमित, कृपाशु ठाकुर तथा खादिम एमए राना, प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम विभाग सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों पर चलने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की चित्र पर,माल्यार्पण कर मनाई जयंती

# धूमधाम से मनाया गया गांधी जयंती एवं महाविद्यालय स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बहजोई।** सम्भल के एमजीएम पीजी कॉलेज में गांधी जयंती और महाविद्यालय स्थापना दिवस का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करने के साथ हुआ। इसके पश्चात, गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण किया गया और समवेत स्वर में राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गाया गया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

समारोह का एक मुख्य आकर्षण 'सर्वधर्म सभा' रही, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न धर्मों के पवित्र ग्रंथों—गीता, वेद, रामायण, कुरान, गुरबाणी और बाइबिल के अंशों का पाठ कर राष्ट्रीय एकता और सर्वधर्म समभाव का अनूठा संदेश दिया। इसके बाद माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने सभी का मन मोह लिया।

इसके बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालय में पधारे अतिथियों ने अपने विचार एवं उद्गार व्यक्ति किए। मुख्य अतिथि एवं पूर्व राज्य कैबिनेट मंत्री श्री उदयभान सिंह ने सर्वधर्म सभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर आसीन करने के लिए हमें अपने अवगुणों का त्याग कर गुणों को अपनाना होगा तथा सर्वहितकारी विचारों को अपने जीवन मूल्यों का आधार बनाना होगा। विशिष्ट अतिथि एसडीएम सम्भल विकास चंद्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी की मनाई गई जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी की थाना रायसत्ती पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जयंती पुलिस प्रशासन ने लगाए गांधी के जैकारे गांधी जयंती प्रशासन नेपढ़ा गांधी के सत्य अहिंसाके रास्ते पर चलने का पाठ गांधीजी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था व भारत की स्वतंत्रता के महान नेता थेऔर उन्हें बापू और राष्ट्रपिताके नाम से भी जाना जाता है गांधी जी ने सत्ते और अहिंसा का रास्ता अपनाया उन्होंनेअंग्रेजों के खिलाफ कई आंदोलनकिए जैसे असहयोग आंदोलनऔर दांडी यात्रा उनकी हौसलेसे भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ गांधी जयंती पर लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

# चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सपा ने उठाई आवाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**संभल।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी समेत पार्टी के तीनों विधायकों ने प्रेसवार्ता कर चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता का मुद्दा उठाया। सपा नेताओं ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। चुनाव आयोग के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं।

संभल विधायक इकबाल महमूद ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग की कार्यशैली पक्षपातपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठने वाले सवालों का स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए। सपा नेताओं ने मतदाता सूची और मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग दोहराई। असमोली विधायक पिंकी यादव ने कहा कि युवा अपने लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मताधिकार की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों और नाम काटे जाने के आरोपों की जांच की मांग भी रखी। सपा नेताओं ने बताया कि 2 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रदर्शन, जिला मुख्यालय पर मार्च और सार्वजनिक सभाएं करने की बात कही गई। नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन की भी बात कही। विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने इस मुद्दे को आगे भी उठाने का संकेत दिया। इस दौरान कृष्णमुरारी सांख्यधर, सुहैल इकबाल, संजीव यादव, प्रमोद यादव और गुल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

# गांधी जयंती पर बाल सुरक्षा की अलख: पॉक्सो एक्ट के प्रति जागरूक करने को निकली प्रभात फेरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी ।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विशेष जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रभात फेरी न्यायालय परिसर से शुरू होकर चन्दौसी इण्टर कॉलेज पहुंची। इसमें चन्दौसी इण्टर कॉलेज, नानक चन्द आदर्श इण्टर कॉलेज, बीएमजी इण्टर कॉलेज, श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला, श्री सनातन धर्म बालिका इण्टर कॉलेज और राजेश कुमार सरस्वती विद्या मन्दिर के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां व पोस्टर लेकर आमजन को बाल सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट 2012 के प्रति जागरूक किया।

कॉलेज परिसर में चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श (गुड टच-बैड टच), बाल अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल माता-पिता, शिक्षकों या सक्षम अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारीगण, प्रधानाचार्य, शिक्षक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पैनल लॉयर, पीएलवी और कर्मचारी मौजूद रहे।





**जयंती** | जिलाधिकारी ने दोनों महान विभूतियों के जीवन, विचारों एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने का किया आह्वान

# पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी की जयंती पर कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम हुआ आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात रामधुन प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीवन में जब कभी उलझन, संदेह या चुनौती महसूस हो तो महापुरुषों के भजनों एवं गीतों को सुनकर उनके विचारों को अपनी वर्तमान परिस्थितियों से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। इससे मन को शांति मिलती है और समस्याओं के समाधान की दिशा भी प्राप्त होती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी किसी भी विचार अथवा कार्य को अपनाने से पहले उसका प्रयोग करते थे। यह उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दशार्ता है। उन्होंने गांधी जी के जंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि जब किसी निर्णय को लेकर संदेह हो, तो समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति को ध्यान में रखकर स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि हमारे निर्णय से उसके जीवन में क्या परिवर्तन आएगा तथा उसे लाभ होगा या हानि। इससे निर्णय लेने में स्पष्टता और सही दिशा प्राप्त होती है। जिलाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश को ह्यजय जवान, जय किसानह्व का प्रेरणादायी नारा दिया। युद्ध एवं खाद्यान्न संकट के समय उन्होंने देशवासियों से एक समय का भोजन त्यागने की अपील की, ताकि देश को खाद्यान्न के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि हमें देश की महान विभूतियों के जीवन, संघर्ष एवं विचारों को अवश्य पढ़ना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि गांधी जी के दर्शन एवं साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। उनकी पुस्तकों के माध्यम से उनके विचारों एवं सिद्धांतों को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता को विशेष महत्व देते थे और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान को भी पूरी तन्मयता के साथ लागू करने पर जोर दिया तथा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने महात्मा गांधी से जुड़े अपने बचपन के पाठ एवं ह्यसत्यप्रियह्व शब्द के अर्थ को साझा करते हुए कहा कि गांधी जी के दर्शन एवं सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन एवं उनके आदर्शों पर भी प्रकाश डाला।

नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने ह्यदे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमालह्व तथा ह्यतोरा मन दर्पण कहलाएह्व गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हेमेन्द्र स्वरूप ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर छात्राओं और पत्रकारों का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**शिकारपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद शिकारपुर कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया

### नगर पालिका परिषद शिकारपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम, स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वालों को किया सम्मानित

गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष राजबाला देवी ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजबाला देवी, उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा पांडेय और अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने संयुक्त रूप से स्वच्छता ही सेवा-2026 एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभाग के लिए प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर के विकास कार्यों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में योगदान देने वाले पत्रकारों को भी प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभासद राजेंद्र सिंह लोधी, सूर्यकांत शर्मा, उदयवीर, नामित सभासद नेम सिंह, सभासद पति राकेश, सत्येंद्र उर्फ भोला, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार गर्ग, अनोखे लाल शर्मा, राजकुमार सैनी, सुलेखा सैनी सहित नगर पालिका कार्यालय के कर्मचारी और सफाई मित्र मौजूद रहे।

# गांधी जयंती पर कस्तूरबा विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गांधी जयंती के अवसर पर रोटरी क्लब बुलंदशहर फ्रेंड्स की ओर से डायट परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर एवं ग्रामीण में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दोनों विद्यालयों की करीब 150 छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए स्वच्छ भारत मिशन विषय पर आकर्षक चित्र बनाए।
कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि तथा विशेष अतिथि डॉ.

### 150 छात्राओं ने स्वच्छ भारत मिशन पर उकेरे जागरूकता के संदेश



संजीव अग्रवाल और डॉ. गीतांशु शर्मा ने स्टेशनरी किट देकर सम्मानित किया। क्लब पदाधिकारियों ने सभी छात्राओं को मिष्ठान भी वितरित किया। नगर क्षेत्र में परी ठाकुर प्रथम, सुमन द्वितीय और जीविका तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में राधिका प्रथम, नव्या द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रिचा राणा, वार्डन टीचर रिचा सक्सेना, सीमा शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता तीन और चार अक्टूबर को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शंभूनाथ इंटर कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय सिंह ने बताया कि तीन अक्टूबर को बालिका वर्ग और चार अक्टूबर को बालक वर्ग की जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता होगी।उन्होंने जिले के सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और क्रीड़ा अधिकारियों से अपने-अपने कॉलेज के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए भेजने की अपील की है। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर कलेक्ट्रेट में गूंजा स्वच्छता और जनसेवा का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धा एवं सम्मान

### जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।
कलेक्ट्रेट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और जनसेवा के आदर्शों को समर्पित रहा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी तथा समाज में भाईचारे, समानता और मानवता का संदेश दिया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी,



कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जय जवान, जय किसान का आह्वान देश के जवानों और किसानों के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्शों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखकर उन्हें अपने दैनिक जीवन और कार्यशैली में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ करें और आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्वच्छता को प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व बताते हुए सभी से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में गांधी और शास्त्री के आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया गया।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) भरत राम यादव, नगर मजिस्ट्रेट जेपी पाण्डेय सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती पर कांग्रेस ने लिया लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** आजादी के आंदोलन के महानायक, सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने तथा देश के संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।
कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के हथियार से दुनिया की सबसे बड़ी औपनिवेशिक सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि आज देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं और सामाजिक सद्भाव को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं, उनका जवाब गांधी के बताए



सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही दिया जा सकता है। सत्ता चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, जनता की आवाज और लोकतांत्रिक संघर्ष के सामने उसे जवाबदेह होना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं, बल्कि सत्ता को यह याद दिलाने का दिन भी है कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति जनता के पास होती है। कांग्रेस कार्यकर्ता नफरत और विभाजन की राजनीति के बजाय भाईचारे, न्याय और समानता की राजनीति को मजबूत करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, मुनीर अकबर, नरेन्द्र चौधरी, वीरेंद्र शर्मा और मनीष चतुवेर्दी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज के जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सत्ता का उद्देश्य जनता पर शासन करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना होना चाहिए। देश में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और युवाओं से जुड़े सवालों पर सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, भजनलाल विमल, चंद्रपाल एडवोकेट ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सिखाया कि अन्याय के खिलाफ लड़ाई बिना हिंसा और बिना नफरत के भी लड़ी जा सकती है। आज कांग्रेस का संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्शों को अपनाकर देश में प्रेम, सद्भाव और जवाबदेही की राजनीति को मजबूत करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने की और संचालन आशु कुरैशी ने किया।

# चाय पर चर्चा में गरमाई सपा की चुनावी सियासत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** देर रात खुर्जा बस स्टैंड के सामने स्थित मनोहर टी स्टॉल पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक बंसी पहाड़िया के साथ

### पूर्व विधायक बंसी पहाड़िया और सोनू गौतम ने टिकट मिलने पर विकास व कार्यकर्ताओं के सम्मान का दिया भरोसा

चाय पर चर्चा की। इस दौरान पार्टी की चुनावी तैयारियों और संभावित प्रत्याशियों को लेकर कार्यकर्ताओ के बीच चर्चा हुई।
पूर्व विधायक बंसी पहाड़िया ने



कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने यदि उन्हें टिकट दिया तो वह कार्यकर्ताओ के सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे। वहीं टिकट के दावेदार सोनू गौतम ने कहा कि यदि उन्हें प्रत्याशी बनाया गया तो खुर्जा के विकास को प्राथमिकता देने के साथ ही कार्यकर्ताओ के सम्मान के लिए पूरी मजबूती से कार्य करेंगे। पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरैशी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है। पार्टी नेतृत्व जिसे भी प्रत्याशी बनाएगा, सभी समाजवादी साथी उसके साथ तन-मन-धन से चुनाव में जुटेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण यादव, आसिफ जमाली, पूर्व राष्ट्रीय सचिव अ.स. आसिफ कुरैशी, पूर्व नगर अध्यक्ष हेमंत राघव, जिला सचिव संजीव पहाड़िया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ताहिर सोलंकी, जिला सचिव सुफियान नंबरदार, प्रधान रिजवान राणा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष इरफान अंसारी, मौसम मेवाती, पूर्व सभासद प्रत्याशी शाहिद इन्नी, शानू ठाकुर, कुर्बान अंसारी, पूर्व नगर सचिव सुफियान मंसूरी, सरफराज मेवाती, हसरत पहलवान, पूर्व सभासद प्रत्याशी सनी कुमार, पूर्व बीडीओ हाजी जरीफ गाजी, आस मोहम्मद गाजी, रमेश चंद राही, इमरान फरीदी, शुभम, मुकेश राघव, आलोक राघव, लकी पंडित, राजकुमार, कन्हैया कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया तथा स्वच्छता एवं स्वच्छ कार्य-परिवेश बनाए रखने की शपथ ली। प्राधिकरण सभागार में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के आदर्शों तथा शास्त्री जी की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसमर्पण को याद किया गया।



कार्यक्रम में प्राधिकरण की उपाध्यक्ष अपराजिता सिंह सिंसिनवार, सचिव वान्या सिंह, अभियंता सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपने कार्य एवं दायित्वों में अपनाने का संकल्प लिया

## महात्मा गांधी जयंती पर डॉ. सुविन भारद्वाज ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर राजा बाबू पार्क, बुलंदशहर में डॉ. सुविन भारद्वाज जी ने महात्मा गांधी जी के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। हम सभी को उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर देश एवं समाज की सेवा करनी चाहिए।



# गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने लिया आदर्शों को अपनाने का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया।
इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दोनों महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। विद्यालय के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं शांति के सिद्धांत तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा ने कहा कि गांधी जी का सत्य एवं अहिंसा का संदेश आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है, जबकि शास्त्री जी का जीवन सादगी, अनुशासन और निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ संकल्प लेकर किया गया।

## विद्युत लाइन की चिंगारी से गन्ने की फसल में लगी आग, तीन बीघा फसल जलकर राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अगौता।** थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर रैना में गुरुवार को विद्युत लाइन से निकली चिंगारी के कारण गन्ने की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने करीब तीन बीघा गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया और फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाकर करीब दो बीघा फसल को बचा लिया गया। गांव निवासी किसान पुष्पेंद्र पुत्र सतवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गांव में ही गौतमबुद्धनगर निवासी एक व्यक्ति की पांच बीघा जमीन लगान पर लेकर उसमें गन्ने की फसल बो रखी है। गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से निकली चिंगारी गन्ने की फसल पर गिर गई, जिससे आग लग गई। आग ने आसपास की फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसान का आरोप है कि विद्युत तार जर्जर हालत में हैं। करीब दो माह पहले भी उसने संबंधित विभाग को शिकायत देकर विद्युत लाइन को शिफ्ट करने अथवा तारों की व्यवस्था ठीक कराने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**उद्घाटन** सेवा संकल्प अभियान के तहत अनोखी दुनिया पार्क में आयोजित हुआ सिरेमिक मेला, विधायक मीनाक्षी सिंह ने किया उद्घाटन

# खुर्जा की सिरेमिक कला को मिला बाजार और पहचान का मंच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अनोखी दुनिया पार्क, तहसील खुर्जा में सिरेमिक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य खुर्जा की प्रसिद्ध सिरेमिक कला एवं पॉटरी उद्योग को प्रोत्साहित करने के साथ स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान और बाजार उपलब्ध कराना रहा।
निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक मीनाक्षी सिंह ने मेले का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत वृक्षारोपण से की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मेले में लगी विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर उत्पादों की जानकारी ली। जनपद की निर्यातक इकाई मैसर्स मिन्हास पॉटरी के सिरेमिक उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं मनोज सिरेमिक, फ्लू आर्ट तथा मुकुल इंडस्ट्रीज ने भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।
स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दानपुर, डिबाई एवं खुर्जा की महिलाओं ने सिरेमिक के साथ पूजा सामग्री सहित अन्य स्थानीय उत्पादों की स्टॉल लगाई। एक जनपद, एक व्यंजन योजना के तहत मैसर्स अग्रवाल खुर्जा की ओर से खुर्चन एवं पेड़े की स्टॉल भी लगाई गई। केंद्रीय कांच एवं सिरेमिक अनुसंधान संस्थान (सीजीसीआरआई), खुर्जा द्वारा सिरेमिक उद्योग को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं तकनीकी सहयोग की जानकारी भी स्टॉल के माध्यम से दी गई।





स्टॉल भ्रमण के बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वागत संबोधन किया। विधायक मीनाक्षी सिंह ने उद्यमियों एवं मेले का अवलोकन करने पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए खुर्जा के पॉटरी उद्योग और उसके विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश सरकार की एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के योगदान की सराहना की। साथ ही एक जनपद, एक व्यंजन योजना के तहत जनपद के लिए चयनित खुर्चन को बढ़ावा देने तथा इससे जुड़े उद्यमियों और कारीगरों को योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, सचिव विकास प्राधिकरण, उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त स्वतः रोजगार, खुर्जा पॉटरी एसोसिएशन के रवि राना, लघु उद्योग भारती के संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सिरेमिक उद्योग से जुड़े उद्यमी एवं अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में उपायुक्त उद्योग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# स्याना तहसील पर भाकियू अराजनैतिक की पंचायत, किसानों ने उठाई समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा तहसील स्याना परिसर में किसान पंचायत का आयोजन किया गया।
पंचायत में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी, जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य एवं जिला प्रभारी चौधरी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान समेत बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे पंचायत में किसानों ने बिजली, भ्रष्टाचार और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।
किसानों की समस्याएं सुनने के लिए एसडीएम लालजी विश्वकर्मा, डीएसपी रामकरण सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड चतुर्थ स्याना, एसडीओ स्याना समेत करीब आधा दर्जन अधिकारी मौके पर पहुंचे।



किसान संगठन के अनुसार, अधिकारियों ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया पंचायत के दौरान जिलाधिकारी बुलंदशहर के नाम ज्ञापन एसडीएम स्याना को सौंपा गया। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार का समय देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# जिला पंचायत कार्यालय में चला स्वच्छता अभियान, अध्यक्ष रेखा प्रमोद नागर ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गत 17 सितंबर से चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान-सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सेवा संकल्प अभियान-सेवा मेरा योगदान अभियान का नेतृत्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा प्रमोद नागर ने किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई और सभी कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा प्रमोद नागर ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता और सेवा का जो संदेश दिया था,उसे हमें आत्मसात करना चाहिए। स्वच्छ,स्वस्थ एवं सुंदर समाज के निर्माण में हम सभी को अपना योगदान देना होगा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

इस अवसर जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी शिशुपाल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी हर्षवर्धन, विशाल, सागर हूण आदि मौजूद रहे।



# महात्मा गांधी ने हमें सत्य,अहिंसा और स्वच्छता का मार्ग दिखाया : कविता मीना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर जिलाधिकारी कविता मीना,अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रपिता के प्रिय भजन वैष्णव जन तो...का गायन किया गया। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अध्यापक व छात्राओं को पुरस्कार एवं मिठाई वितरित की।

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई
- गांधी जयंती के अवसर पर केजीबीवी छात्राओं ने गया सुंदर गीत

जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य,अहिंसा और स्वच्छता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। आज के दिन हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को गांधी जी के सपनों को साकार करने वाला बताया। जिलाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर भी माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उनके जय जवान,जय किसान के नारे को आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया गया।

नगर पालिका परिषद हापुड़ के सभागार में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के द्वारा सभी सफाई कर्मियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के द्वारा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण की गई। उसके उपरांत सभागार में आयोजित जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी सभी ने अवलोकन किया।





# लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान,जय किसान का नारा दिया : मुकेश त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारत रत्न,पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान राष्ट्रनायक लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रेलवे रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

**शास्त्री जी के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प**

जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का संपूर्ण जीवन सादगी,सत्यनिष्ठा, अनुशासन,त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने अपने आचरण और कर्मों से यह सिद्ध किया कि राष्ट्रसेवा के लिए पद नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा आवश्यक है। शास्त्री जी द्वारा दिए गए अमर मंत्र जय जवान,जय किसान ने देश के जवानों और किसानों के योगदान को राष्ट्रीय चेतना के केंद्र में स्थापित किया। उनका जीवन आज भी प्रत्येक देशवासी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्यों ने शास्त्री जी को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने और समाज में देशभक्ति, अनुशासन तथा सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला प्रवक्ता ज्ञानेंद्र त्यागी,जिला सचिव मुकेश प्रजापति,जिला संरक्षक शशांक मुनि त्यागी,तहसील उपाध्यक्ष तारा चंद जाटव , फारुख अहमद,विजय चौधरी आदि उपस्थित रहे।




# भागवत कथा के सप्तम दिवस सुदामा चरित्र का हुआ वर्णन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** रजनी विहार कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस कथा वाचक पं. जयप्रकाश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने अष्ट पटरानियों, भौमासुर की जेल से 16,100 कन्याओं को मुक्त कराने, गुरु संदीपन के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने, सुदामा चरित्र तथा राजा परीक्षित के उद्धार की कथा सुनाई। कथा प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

इस अवसर पर मुख्य यजमान देवेंद्र सिंह शिशोदिया, बबली सिंह प्रधान, विपिन मित्तल, गजेंद्र सिंह तोमर, सुखवीर पंवार, सुनील कुमार शिशोदिया, रामभूल राघव, योगेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह पुंडीर, मनोज तोमर, संदीप तोमर, कुलदीप तोमर, मंजू सिंह, मोहिनी, कांति, देवी, सरिता, सुनीता देवी, मधु सिंह, मूर्ति देवी, आशा देवी, रेणुलता तोमर, बबीता तोमर, मिथलेश देवी, लता, मीना, सुषमा राघव, विमला देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। व्यवस्था में नरेश बृजवासी व राजेश शर्मा (अत्री) का सहयोग रहा। रमेश भाई, रोहित मास्टर, रिंकू भाई, सन्नी भाई साउंड सर्विस व पवन पंडित ने भी सहयोग किया।






# गांधी जयंती पर पुरुष व महिला पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा ओपन वर्ग पुरुष एवं महिला पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम बाबूगढ़ छावनी में किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय एवं जनपद के लगभग 135 खिलाडियों ने प्रतिभाग लिया।

**प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में अमित व महिला वर्ग में लक्ष्मी ने बाजी मारी**

प्रतियोगिता का शुभारंभ उप क्रीड़ा अधिकारी अरुणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को थाना अध्यक्ष बाबूगढ़ छावनी प्रवीण कुमार द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। उनके द्वारा बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया और महात्मा गांधी के जीवन से हमें क्या शिक्षा लेनी चाहिए इसके बारे में भी बच्चों को प्रेरित किया ।

उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग में प्रथम अमित,द्वितीय दीपांशु,तृतीय मोहन सिंह,चतुर्थ विनेश कुमार,पांचवा स्थान हरिओम,छठा स्थान देव व महिला वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी,द्वितीय स्थान तनु,तृतीय स्थान पावनी,चतुर्थ स्थान उर्मी,पांचवां स्थान अनन्या और छठे नंबर पर उर्वशी रही। इस अवसर पर खेलो इंडिया कोच तनवीर,शाहरुख ,अंकित आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# गाँधी जयंती पर शहर में निकाली जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार सिंह प्रथम के कुशल मार्गदर्शन में आज शहर में पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

**अपर जिला जज प्रथम व अन्य न्यायिक अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी**

जनपद न्यायालय के मुख्य गेट से अपर जिला जज प्रथम हनी गोयल द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। इस दौरान प्रतिभागी हाथों में बाल सुरक्षा,गुड टच-बैड टच, बच्चों के विधिक अधिकार और पॉक्सो एक्ट से जुड़े नारों की तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे थे। रैली का समापन नगर पालिका परिसर गेट पर विधिक जागरूकता संदेश के साथ किया गया।

डीएलएसए के प्रभारी सचिव असगर अली ने बताया कि बच्चों के प्रति होने वाले किसी भी प्रकार के यौन अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण हथियार है। पॉक्सो कानून बच्चों को सुरक्षित वातावरण देने और उन्हें अपराधों से बचाने के लिए बेहद सख्त प्रावधान करता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में बिना डरे विधिक सहायता और हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1098 अथवा 15100) का उपयोग करने की अपील की। जागरुकता रैली में जैन कन्या इण्टर कालेज पाठशाला, एस.एस.वी. इण्टर कालेज,चौ0 ताराचन्द इण्टर कालेज,दीवान इण्टर कालेज, श्रीमती कमला अग्रवाल गर्ल्स इण्टर कालेज के बच्चे व अध्यापकगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ज्ञानेन्द्र सिंह यादव,अपर जिला जज द्वितीय शेष बहादुर निषाद,अपर जिला जज (पोक्सो एक्ट द्वितीय) अवनीश कुमार राय,अपर जिला जज (त्वरित न्यायालय द्वितीय) विरेश चन्द्रा,सिविल जज सी0डि0 द्वितीय/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण असगर अली एवं अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 श्वेता पूठिया व प्रधानाचार्य शैलजा कुमारी,जिला संगठन आयुक्त श्री प्रकाश शर्मा,हेड क्वार्टर कमीशनर भारत भूषण वत्स,अध्यापकगण निति शर्मा,रेखा शर्मा, राजुकमारी गुप्ता,राजकुमार सिंह व मुकेश इत्यादि उपस्थित रहे।



# महात्मा गांधी,लाल बहादुर शास्त्री व पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी को याद किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गणों व कार्यकताओं ने नगर पालिका परिषद स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्रित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व रेलवे स्टेशन निकट एकत्र होकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई।

**महात्मा गांधी के आदर्शों,सिद्धांतों और नीतियों पर चलने वाली पार्टी हैं,कांग्रेस:राकेश त्यागी**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी के आदर्शों, सिद्धांतों और नीतियों पर चलने वाली पार्टी है। महात्मा गांधी जी के संघर्षों को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता।

शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अपनी सादगी के लिए देश भर में जाने जाते थे। धोती-कुर्ता,छोटा कद, लेकिन उनके इरादे बहुत मजबूत थे। 1965 में जब भारत में खाने की कमी थी और पाकिस्तान से युद्ध हो रहा था, तब उन्होंने देश को ये नारा दिया। जय जवान जय किसान। इससे किसानों और सिपाहियों दोनों का हौसला बढ़ा। अन्य वक्ताओं ने महान स्वतंत्रता सैनानी और पूर्व कांग्रेस सांसद मसूरिया दीन पासी के जीवन को भी याद करते हुए कहा कि मसूरिया दीन पासी जी क्क के बड़े दलित नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, नवरत्न त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर वीसी शर्मा, रश्मि चौधरी, एड .रघुवीर सिंह, डॉक्टर शोएब, मानवी सिंह, अमरनाथ शर्मा, ऋषिपाल सिंह, रामलाल आर्य, डॉक्टर पदम साहनी, रामप्रसाद जाटव, एड. शहजादा चौधरी, सुशील शास्त्री, नरेश भाटी,गौरव गर्ग, यशपाल ढीलोर,डॉक्टर सलेक चंद, जसबीर सिंह, जस्सा सिंह, कुसुमलता,निसार पठान, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, सचिन कुमार,अली मुर्तजा, मास्टर शेयरयाब, अफजाल आढ़ती, हर्ष कुमार सिरोही, अर्जुन सिंह, हिमांशु त्यागी, आकाश त्यागी, कृपाल सिंह, प्रवीण शर्मा, चौधरी पंकज शर्मा, सुरेंद्र सिंह, यशपाल ढीलोर, सुखपाल गौतम, हरीश गर्ग, डालचन्द सिंह, मुकीम खान, विपिन कुमार, अरुण वर्मा, गुलफाम कुरैशी, निसार अहमद, आदेश शर्मा, एड. फुरकान, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।





# गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता और राष्ट्रसेवा का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय में गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों महापुरुषों के आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। कुलपति डॉ. एम. जावेद ने गांधी और शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिरिक्त कुलसचिव सुहैल अहमद, डॉ. मूल राज सिंह, डॉ. सोमा दास, डॉ. रितु चिक्कारा, प्रीति तोमर और सनाउल मुस्तफा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कुलपति ने कहा कि गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचार तथा शास्त्री की सादगी और राष्ट्रसेवा की भावना समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मूल राज सिंह ने अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उपस्थित लोगों ने परिसर के साथ आसपास के क्षेत्र में भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।



जयंती

## एसपी ने पुलिसकर्मियों को कत्तव्यनिष्ठा व स्वच्छता की दिलाई शपथ

# सरकारी कार्यालयों व स्कूल कालेजों में गांधी व शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के सरकारी कार्यालयों व स्कूल कालेजों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाई गयी।

शुक्रवार को मेरठ रोड स्थित पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक आदि ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। एसपी ने पुलिस कर्मियों को कत्तव्यनिष्ठा व स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही कर्मचारियों को उत्साहवर्धन हेतु सम्मानित किया और मिष्ठान का वितरण किया।

**गांधी जी ने सत्याग्रह का सहारा लेकर अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी: उपकार**

तगा सराय स्थित राम निवास स्मारक बालिका इंटर कालेज में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई। कालेज प्रबन्धक हरिराज सिंह त्यागी व प्रधानाचार्या सिम्पी ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। हमें दोनों महापुरुषों के कार्यों से प्रेरणा लेकर सच्चाई व सादगी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षिका सीमा,रचना,वैशाली आर्य,शिवानी श्रीवास्तव,पूनम रानी,विजय लक्ष्मी त्यागी,रेखा रानी,सरिता,मीनाक्षी त्यागी आदि मौजूद रहे। सदर तहसील क्षेत्र के गांव वझीलपुर में संचालित रामरिछपाल इंटर कालेज में गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजली अर्पित कर स्मरण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उपकार दत्त शर्मा, आलिया, आरजू, टीना, सत्यम, शबनम आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।








# रक्षक संवाद में राष्ट्रहित और जिम्मेदार संवाद पर मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** मेरठ कैंट में 56 फील्ड रेजिमेंट की ओर से आयोजित रक्षक संवाद कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों और सोशल मीडिया से जुड़े लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का केंद्र राष्ट्रहित, सामाजिक जिम्मेदारी और सेना व समाज के बीच बेहतर समन्वय रहा। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग और सकारात्मक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने पर विचार रखे।

56 फील्ड रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि सेना, वेटरन्स और सोशल मीडिया से जुड़े लोग राष्ट्रहित के कार्यों में एक-दूसरे के सहयोगी बन सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय संकट के समय एकजुटता को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष वेटरन केपी सिंह, डिप्टी डायरेक्टर जीएस अस्पताल मनोज सिसौदिया, मीडिया प्रभारी वेटरन गजेंद्र सिंह तोमर, वेटरन ओमपाल सिंह, चंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, बिशन पाल सिंह तोमर, नानक चंद, अमरीश शर्मा, राजेंद्र सिंह हापुड़, शाहिद अली, अजय पाल सिंह और कान्हा श्याम इंचार्ज बाबी मित्तल मौजूद रहे।चाहें तो इसे मैं और ज्यादा स्थानीय अखबार की शैली में 150 शब्दों में भी कर सकता हूं।



# राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती की धूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** जनपद में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का व्यक्तित्व और कृतित्व इतना विराट है कि उसे किसी एक दर्शन अथवा विचारधारा में सीमित नहीं किया जा सकता। दोनों महापुरुषों ने अपने जीवन और विचारों से देश को आजाद ही नहीं कराया बल्कि नई दिशा भी दी।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रमोद कुमार ने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन संघर्ष, सादगी, कर्तव्य और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव ने गांधी जी की विचारधारा पर प्रकाश डाला। नगर मजिस्ट्रेट डॉ. अतुल गुप्ता, एसडीएम कोल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने जिम्मेदारी और कर्तव्य से कभी पीछे न हटने की प्रेरणा दी। एसीएम प्रथम ने कहा कि गांधी जी के दर्शन को शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, कलेक्ट्रेट के पटल सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शेरपाल सिंह सविता जीके कैंप कार्यालय शोभा नगर बेगम बाग में में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी उनकी जयंती पर उनको कोटि-कोटि नमन किया। इस मौके पर सतीश चंद्र गांधी छोटू सैनी प्रभात सैनी जमुना कश्यप गौरव सविता सोनू नंदवंशी मोनू ठाकुर बबलू कश्यप कुमार जी लाल नंदवंशी कमल राहुल रोहित आदि लोग उपस्थित रह। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके चित्र पर माला अर्पण करते हुए कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष शेरपाल सिंह सविता आदि ने भी महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी उनकी जयंती पर उनको कोटि-कोटि नमन किया।

इसर श्रंखला में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती पर उनके सत्य, अहिंसा, आत्मानुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशी राष्ट्र निर्माण के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल संचार और वैश्विक चुनौतियों के दौर में गांधी के विचारों को नए संदर्भों में समझने पर जोर दिया गया।

महापौर व नगर आयुक्त की पहल पर गांधी पार्क में शहर के सबसे ऊंचा राष्ट्रपिता को समर्पित 130 फीट हाइट के तिरंगा को महापौर और नगर आयुक्त ने पार्षदो, स्थानीय लोगों, निगम अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में बटन दबाकर फहराया और तिरंगा को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। गांधी पार्क में 130 फीट ऊंचे तिरंगे को फहराया गया। तिरंगा लहराते ही पूरा पार्क राष्ट्रगान से गूंज उठा। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्थापित प्रतिमा पर महापौर प्रशांत सिंघल, कोल विधायक अनिल पाराशर, दर्जा प्राप्त मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अनेकों पार्षदों अधिकारी और कर्मचारी के साथ माल्यार्पण किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी पार्क में प्रथम बार आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों अधिकारी और कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्प माल्यार्पण करते हुए रामधुन गयी व उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि समारोह में दर्जा प्राप्त मंत्री रघुराज सिंह नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा कोल विधायक अनिल पाराशर व महापौर प्रशान्त सिंघल ने देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के बलिदान उनकी सेवा पर प्रकाश डाला।

## रेड़ी-ढ़केल और दुकान संचालकों ने नगर निगम के खिलाफ परिवार संग किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गांधी आई अस्पताल के बाहर से ठेले हटाए जाने के विरोध में पटरी दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पटरी दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। फुटपाथ लघु व्यापार मंडल के बैनर तले रेड़ी-ढ़केल संचालकों ने धरना-प्रदर्शन कर नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए अपनी रोजी-रोटी का हवाला दिया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद रेड़ी-ढ़केल संचालकों कहना था कि सड़क किनारे ठेले लगाकर वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ठेले और दुकानें हटाए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान महिलाएं और बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल रहे। फुटपाथ लघु व्यापार मंडल के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में दुकानदारों ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई। उनका कहना था कि रोजगार प्रभावित होने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो सकता है।



## वारंटी हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई, पुलिस टीम पर फैंके पत्थर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** खैर थाने के अहरौला गांव में वारंटी हिस्ट्रीशीटर महावीर को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर परिजन व अन्य लोगों ने हमला बोल दिया। परिजनों ने धक्का-मुक्की और पथराव किया। अचानक हुए हमले में उपनिरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस की लेपर्ड बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन को गिरफ्तार किया है। बुधवार की शाम शिवाला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकुर कुशवाहा, कांस्टेबल मुकेश बाबू, अनुज कुमार और आकाश गांव अहरौला निवासी महावीर पुत्र लख्मीचंद को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। महावीर थाना स्तर का हिस्ट्रीशीटर है। महावीर वारंटी था। आरोप है कि पुलिस टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो घर पर मौजूद आकाश पुत्र रमेश चंद्र, बनी सिंह पुत्र रोशन, पवन, विकास पुत्र बनी सिंह, अरुण पुत्र केसरी राम और महावीर ने विरोध शुरू कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों को बृहस्पतिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी खैर अभिषेक पटेल ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गांव में स्थिति शांतिपूर्ण है। आकाश की हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई भी की जा रही है।



## जमीयत उलेमा-ए-उत्तर प्रदेश की प्रबंधकीय समिति की बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा।** सालार गाजी। जमीयत उलेमा-ए-उत्तर प्रदेश की मजलिस-ए-मुंतज़िमा (प्रबंधकीय समिति) की महत्वपूर्ण बैठक मदरसा इस्लामिया अरबिया, जामा मस्जिद अमरोहा में प्रदेश अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से जमीयत की प्रबंधकीय समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं जिम्मेदार कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों सहित देश और समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से निजी हितों से ऊपर उठकर जमीयत को मजबूत करने तथा देश और मिल्लत की सेवा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके कार्यकताओं की एकजुटता, आपसी सहयोग और जिम्मेदारी के साथ किए जाने वाले कार्यों पर निर्भर करती है। इसलिए सभी पदाधिकारी संगठन के उद्देश्यों को प्राथमिकता देते हुए समाज के बीच अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने देश के मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए मॉब लिंचिंग, बुलडोजर कार्रवाई तथा इबादतगाहों के संबंध में होने वाली अनावश्यक और कानून-विरोधी कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश में कानून का राज और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। किसी भी व्यक्ति या समुदाय के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार समाज में तनाव पैदा कर सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए एक खास वर्ग को नफरत का निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में नफरत और विभाजन की भावना को बढ़ावा देने के बजाय आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए जागरूक रहने की अपील की।

## मंदिर में मुस्लिम युवकों की मौजूदगी पर विवाद मंदिर का गंगाजल छिड़कर कराया शुद्धिकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर में ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी के हुए सम्मान समारोह में मुस्लिम युवकों की मौजूदगी से विवाद खड़ा हो गया। आयोजन की तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मंदिर के हॉल में गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण भी कराया गया।

भाजपा नेता मोनू अग्रवाल की ओर से पिछले महीने 22 सितंबर को ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी और उनकी टीम के महामंत्री मधुलिका राघव तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण राज को सम्मानित किया गया था। महाआरती के बाद हॉल में सम्मान समारोह हुआ। इसी समारोह की तस्वीर में अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े इस्लाम सैयद हसन राजा सहित दो-तीन अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आया। मंदिर के पुजारी पंकज



द्वारा इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित तस्वीर के बाद मंदिर में मुस्लिमों के प्रवेश को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आयोजन में शामिल लोगों की ओर से इस संबंध में कोई अलग पक्ष सामने नहीं आया है। गोस्वामी ने बताया कि पिछले महीने मोनू अग्रवाल ने पूजा कार्यक्रम के लिए मंदिर प्रांगण का हॉल मांगा था।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय, मेरठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के

**सत्य, अहिंसा और सादगी के संदेश को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प**

चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा और सद्भाव का संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, दृढ़ संकल्प और जय जवान, जय किसान का मंत्र देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।



कार्यकताओं ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में शहर विधायक हाजी रफीक अंसारी, जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव चांद सैफी, आदित्य गुर्जर, प्रधान गिरेंद्र गुमी, इकराम बालियान सैफी, अंकुर त्यागी, जिला उपाध्यक्ष नासिर अली, रिफाकत चौहान, अजय आदाना, डॉ. शकील सैफी एवं डॉ. मोशीन सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर सफाई मित्रों और छात्राओं को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका में गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**नगर पालिका में ध्वजारोहण के बाद स्वच्छता की शपथ, जागरूकता रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश**

पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष सबीला बेगम और अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ध्वजारोहण, विचार गोष्ठी, स्वच्छता शपथ और सम्मान समारोह हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका परिसर में ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ नागरिक सूर्यदेव त्यागी, मास्टर दीपक शर्मा, समाजसेवी शावेज अंसारी, पंकज टाली समेत अन्य लोगों ने विचार रखे।अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने अपने घर और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने का संकल्प लिया।

**12 सफाई मित्रों को किया सम्मानित**

स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 सफाई मित्रों अमित पार्चा, कमल कुमार, मोहन कुमार, अमित कुमार चौटाला, अनिल, मधुर, रविन, रिंकू, अर्जुन, जयकुमार, अमित बंटी और आकाश को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर के विद्यालयों में आयोजित चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं अंशिका को प्रथम, रूही को द्वितीय और तानिया सैनी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र और ट्रॉफी दी गई।




**निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली**

कार्यक्रम के बाद नगर पालिका कार्यालय से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें स्वच्छ सारथी क्लब के छात्र-छात्राओं, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों और अन्य लोगों ने भाग लिया। देशभक्ति गीतों के साथ निकली रैली आंबेडकर पार्क पहुंची, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद रैली वापस नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी सोम, पूजा जैन, गीता अरोड़ा, कुसुम सैनी, सुनीता सैनी, वर्षा सैनी, रामकिशोर, सभासद शानू जैन, राहुल पाल, खालिद अंसारी, सोनू त्यागी, मुकेश कुमार, वीर सिंह भाटी समेत सभासद, पालिका अधिकारी-कर्मचारी और एसबीएम सेल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा मुख्य का चुनाव आयुक्त को लेकर प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया को लेकर अभियान शुरू करने का ऐलान किया



है। सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुलहमीद घोसी ने बताया कि 2 से 8 अक्टूबर तक ह्यलोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ सप्ताह चलाया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची और मतदान के प्रति जागरूक करेंगे।

शुक्रवार को कार्यक्रम की शुरूआत गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई। सपा नेताओं के मुताबिक यह कार्यक्रम अखिलेश यादव के निर्देश पर सात दिन तक चलाया जाएगा। इसके बाद चुनाव आयोग के खिलाफ मार्च निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जाएगी।

महानगर अध्यक्ष अब्दुलहमीद घोसी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए भाजपा कार्यालयों से फॉर्म-7 प्रिंट कराकर बूथों तक भेजे गए।

उन्होंने नीवरी के एक स्कूल का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां करीब 1,800 नाम हटाने के लिए फॉर्म जमा हुए थे। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, अलीगढ़ के जिला निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट पर 2026 की अंतिम मतदाता सूची और एसआईआर से जुड़ी जानकारी उपलब्ध है।

## सुभारती विश्वविद्यालय में स्वच्छ भारत दिवस एवं किसान विकास दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकालकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और किसान सशक्तिकरण का संदेश दिया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा किसानों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में स्वच्छ भारत दिवस एवं किसान विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर स्थित सरदार पटेल लॉन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभारती विश्वविद्यालय के सम-कुलाधिपति मेजर जनरल (डॉ.) जी.के. थपलियाल, एसएम (सेनि.) ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना करते हुए किया।



प्रभात फेरी के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और किसान सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कृषि विकास के प्रति अपनी सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केरल वर्मा सुभारती कॉलेज डीन प्रो. (डॉ.) रविंद्र कुमार जैन ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि देश की प्रगति में स्वच्छता और कृषि दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वर्ष 1965 का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध आह्वान जय जवान, जय किसान को याद किया। डॉ. रविंद्र कुमार जैन कहा कि देश की सुरक्षा में जवान और देश की खाद्य सुरक्षा एवं अर्थव्यवस्था में किसान समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसानों का सम्मान और कृषि क्षेत्र का विकास राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। वही सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनय कुमार मित्तल ने स्वच्छ भारत दिवस एवं किसान विकास दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की जिम्मेदार आदत है।

## थाने पहुंचे बच्चों को थानेदार ने पहनवाई चप्पल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** खैर लोग जहां अपनी पीडा को लेकर थाना, चौकी पर जाने से ड़रते हैं, वहीं खैर कोतवाल में इंसानियत का नजारा देखने को मिला है, बताते हैं कि बृद्व महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंची थीं, जिन नाती पोतों को लेकर कोतवाली पहुंची थीं, वह सभी बच्चे नंगे पैर थे। यह देखकर इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने अपनी जेब से रुपए निकाले और बच्चों को चप्पल खरीदने के लिए दिए। उन्होंने पहले बच्चों के पैरों में चप्पल पहनाने की बात कही और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

गांव नगला बीधा में रहने वाली तीन बुजुर्ग महिलाओं में सास शारदा देवी, चचिया सास केला देवी और एक अन्य बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके परिवार में पहले से ही कुछ विवाद चल रहा था। तीनों महिलाऐं पशुओं के लिए खेत पर चारा लेने गई थीं, तभी पीछे से उनकी दोनों बहुओं के मायके वाले आए और उन्हें अपने साथ ले गए। जब बुजुर्ग महिलाएं




चारा लेकर घर लौटीं, तो बहुओं को न पाकर और बच्चों को भूखे प्यासे रोते देख हैरान रह गईं। काफी खोजबीन के बाद जब पता चला कि मायके वाले बहुओं को ले गए हैं तो इन बुजुर्ग महिलाओं ने बच्चों को संभाल न पाने की लाचारी में खैर कोतवाली का रुख किया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने तीनों वृद्ध महिलाओं की समस्या सुनी तो उनका दिल पसीज गया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने तीनों महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी बहुओं को सकुशल वापस लाने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

**अभियान** | **शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर आसपास के क्षेत्र की सफाई की**

## अतरौली के मैप्स लर्न कोचिंग में स्वच्छता अभियान, शिक्षकों और छात्रों ने की साफ-सफाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली, अलीगढ़।** स्थानीय कोचिंग संस्थान मैप्स लर्न में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर आसपास के क्षेत्र की सफाई की।

अभियान का शुभारंभ करते हुए संस्थान के निदेशक व शिक्षक अनुज वार्ष्णेय तथा कुमुद भारद्वाज ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होंने




कहा कि "स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि हमारी दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होनी चाहिए। स्वच्छ और सुंदर वातावरण में पढ़ाई करने से एकाग्रता बढ़ती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।" इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ परिसर को स्वच्छ बनाया और भविष्य में भी अपने आसपास सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोचिंग के शिक्षक भूमिका अरोरा, गौरव भारद्वाज, दर्शिका वर्मा तथा सभी विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## गॉधी जयंती के अवसर पर ऐंचना एवं नगला माधो में जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शुक्रवार को गाँधी जयन्ती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत- ऐंचना, वि0ख0- खैर में ग्राम प्रधान श्रीमती देवी कुमारी एवं ग्राम पंचायत- नगला माधौ, वि0ख0- गोण्डा में ग्राम प्रधान श्रीमती उर्मिला देवी की गरिमामयी उपस्थिति में जल जीवन मिशन रिफार्म उत्सव के अन्तर्गत जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



अधिशासी अभियन्ता जल निगम लोकेश शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्य पूर्ण कर संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित की 159 नग पेयजल योजना की 178 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 130 नग ग्राम पंचायतों मे जल अर्पण कार्यक्रम किया जा चुका है। ग्रामीणजनों से निवेदन है कि बेहतर भविष्य के लिये जल का संरक्षण करे तथा बेहतर उपयोग करें। उन्होंने बताया कि शेष ग्राम पंचायतों में 17 अक्टूबर 2026 तक जल अर्पण कार्यक्रम किया जाना लक्षित है। ग्रामों में सुबह-शाम 2-2 घण्टे क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति की जाती है, जिसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये मासिक रूप से जल सैम्पल जाँच की जाती है, पेयजल की गुणवत्ता अन्य स्त्रोत (यथा- हैण्डपम्प आदि) से उत्तम है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 राजस्व ग्राम 43 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित है। अवशेष 1070 ग्रामों को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत सूचीबद्ध फर्मो मै0 ऑयन एक्सचेंज, मै0 के0पी0टी0एल0 एवं मै0 पी0एन0सी0 को आवंटित किया गया है, जो 724 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आच्छादित है। समस्त योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल कार्य नलकूप- 731 नग, पम्प हाउस 731 नग, वितरण प्रणाली 7171 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय 729 नग, कुल 428359 नग गृह जल संयोजन एवं 2428 कि0मी0 रोड ट्रेंच मरम्मत के कार्य प्रस्तावित है।

## मासूम बेटे को लेकर पति फरार महिला ने लगाई एसएसपी से गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** किशनपुर क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति और ससुरालीजनों पर उत्पीड़न करने ओर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीडता ने शुक्रवार को एसएसपी से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्वार्सी अन्तर्गत किशनपुर निवासी खुशबू चौधरी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर उत्पीडन 23 सितंबर को बेटे के जन्मदिन पर मारने की कोशिश करने का अरोप लगाया है।



उसका कहना है कि पति दो साल के बेटे को लेकर चले गए। सात दिन से ज्यादा हो गए, लेकिन उन्हें बच्चा नहीं मिला है। पीड़िता ने क्वार्सी पुलिस को भी लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने बताया कि विवाद के चलते उनके साथ कई बार मारपीट भी की गई। खुशबू ने शुक्रवार को एसएसपी से मामले की जांच और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# बेसिक "शिक्षकों को 10 साल बाद पदोन्नति का तोहफा" मिलेगा: शासन के निर्देश पर बीएसए ने शिक्षकों की वरिष्ठ सूची तैयार करने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का लगभग 10 साल से पदोन्नति का इंतजार खत्म होता दिख रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि वे जिलों में वरिष्ठता सूची तैयार करें। ऐसे में लगभग 70 हजार शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा। जानकारी के अनुसार 2016 के बाद परिषदीय विद्यालयों में पदोन्नति नहीं हुई है। यहां के शिक्षकों को प्राथमिक स्कूल में प्रधानाध्यापक या उच्च प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापक पद पर प्रोन्नति मिलती है। ऐसे ही परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के सहायक अध्यापकों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति दी जाती है। प्रदेश के 3.30 लाख शिक्षकों में से लगभग 70 हजार को प्रोन्नति का तोहफा मिलेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत परिषदीय विद्यालयों में 150 छात्रों पर प्रधानाध्यापक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में 100 छात्रों पर प्रधानाध्यापक का पद स्वीकृत किया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेन्द्र तिवारी की ओर से सभी बीएसए को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में पदोन्नति के लिए शिक्षकों की वरिष्ठता सूची तैयार करें। मुरादाबाद जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह के निर्देश पर शिक्षकों की वरिष्ठ सूची तैयार की जा रही है ।




# प्रो.मोहम्मद हुसैन जाफरी की जयंती पर सिरसी में हुआ सेमिनार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिरसी/सम्भल।** सिरसी सादात पीजी कॉलेज,सिरसी में कॉलेज के संस्थापक,प्रोफेसर सैयद मोहम्मद हुसैन जाफरी, पूर्व प्राचार्य राजपूताना मेडिकल कॉलेज, जयपुर (राजस्थान) तथा राजस्थान यूनानी चिकित्सा विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रथम एवं पूर्व डीन एवं सिरसी सादात पी जी कॉलेज सिरसी के संस्थापक स्वर्गीय प्रोफेसर मोहम्मद हुसैन जाफरी के जन्मदिवस के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी (सेमिनार)एवं काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा एवं साहित्य से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, संभल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समर अब्बास नकवी डॉ. हसन एच. वारसी, डॉ. किश्वर जहां जैदी, ताहिर सलामी तथा हकीम रैयान यूसुफ डॉक्टर दिलशाद खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रोफेसर मोहम्मद हुसैन जाफरी के शैक्षिक, चिकित्सकीय एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व और सेवाओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं में मौलाना मंजर अब्बास, मौलाना मीसम अब्बास जैदी, मौलाना मोहम्मद अब्बास जैदी, इरशाद हुसैन जाफरी, जरी अब्बास जाफरी तथा पान सिंह शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि प्रोफेसर जाफरी ने शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा उनके प्रयासों से अनेक लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिला। सिरसी सादात पीजी कॉलेज उनकी यादगार हे जो रहती दुनिया तक उनके नाम को रोशन करता रहेगा, इसके पश्चात चांद मोहम्मद खान, जनाब हसन मेहदी, मीर मोहम्मद सादिक, दिलशाद कुरैशी, शमशाद अली नगरी तथा हकीम अब्दुल माजिद ने प्रोफेसर मोहम्मद हुसैन जाफरी की शान में अपने कलाम एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। काव्य पाठ के द्वारा शायरों ने कार्यक्रम में साहित्यिक एवं भावनात्मक रंग भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की, जबकि कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर जाफरी की पत्नी और प्रसिद्ध नाविल निगार डॉक्टर रौनक जैदी रहीं,डॉ. शफीकुर्रहमान बरकाती ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शाहिद हुसैन ने कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों, वक्ताओं एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



# बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया "समीर " अनेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज,जांच शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ तहसील थाना छजलैट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम से एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, घर से नकदी और सोने-चांदी के जेवरात गायब करने का मामला सामने आया है।

वादी ने छजलैट पुलिस को दी गई तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं।तहरीर के अनुसार, बादी ने अपनी बहन से एक लड़की गोद ली थी और वही उसका पालन-पोषण करती हैं। एक महीने से उसकी वेटी अपनी जन्मदाता मां के पास गांव में रह रही थी।आरोप है कि 29 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे गांव का रहने वाला समीर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। वह घर लौटी तो बेटी नहीं मिली, खोजबीन के दौरान समीर के परिजनों (भाई शमीम, मां जरीना और पिता हबीब) से पूछताछ की गई। आरोप है कि उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया और धमकी दी कि बेटी उनके पास है, यदि वे थाने गए तो जान से मार देंगे।तहरीर में जेवरात व नकदी ले जाने का आरोप भी लगाया गया पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है ।

# सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में "एआई इनेबल्ड आईडीएस: मॉडर्न टूल्स एंड टेक्नीक्स, डिप्लॉयमेंट चॉइसेज एंड फ्यूचर ट्रेंड्स" पर कार्यशाला का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में 28 सितम्बर 2026 को विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक एवं तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय "एआई इनेबल्ड आईडीएस: मॉडर्न टूल्स एंड टेक्नीक्स, डिप्लॉयमेंट चॉइसेज एंड फ्यूचर ट्रेंड्स" रहा। इस अवसर पर आईआईआईटी सोनीपत से आए विशेषज्ञ डॉ. भूपेश सिंह भाटी ने विद्यार्थियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान डॉ. भूपेश सिंह भाटी ने एआई इनेबल्ड इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस), मॉडर्न टूल्स एवं टेक्नीक्स, आईडीएस की विभिन्न डिप्लॉयमेंट चॉइसेज तथा साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में उभरते फ्यूचर ट्रेंड्स के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई एवं साइबर सिक्योरिटी के बदलते परिदृश्य तथा वास्तविक परिस्थितियों में इन तकनीकों के उपयोग के बारे में भी समझाया।सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयूके कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल , एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल , उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल , प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा , प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव , कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसनजीत कुमार ने इस ज्ञानवर्धक पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



# दो दिवसीय संकुल गेम्स का समापन : बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं का रहा दबदबा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिहारी आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज, कांठ के तत्वाधान में दो दिवसीय वार्षिक संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन नगर के ध्यान सिंह सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया शुक्रवार को समापन हुआ' प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा की देखरेख और खेल कोच शिखा प्रजापति के कुशल निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पधाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।सब जूनियर वर्ग: 100 मीटर दौड़: सृष्टि (B.A.K.I.C. कांठ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।200 मीटर दौड़: जय चौहान (B.A.K.I.C. कांठ) अव्वल रहीं। 400 मीटर दौड़: सिमरन (B.A.K.I.C. कांठ) ने बाजी मारी। लम्बी कूद: दिक्षी (B.A.K.I.C. कांठ) और गोला फेंक में प्रियंका (B.A.K.I.C. कांठ) ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग: 100 मीटर दौड़: खुशी (B.A.K.I.C. कांठ) प्रथम स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़: नीतू (पाढंगी) ने जीत दर्ज की। 400 मीटर दौड़: कामनी (B.A.K.I.C. कांठ) ने पहला स्थान पाया। 800 मीटर दौड़: अजमी (G.I.C. मानपुर) विजेता रहीं। चक्का फेंक: अलशिफा (B.A.K.I.C. कांठ) ने मैदान मारा। ऊंची कूद व लम्बी कूद: इन दोनों ही स्पधाओं में कामनी (B.A.K.I.C. कांठ) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग: 100 मीटर दौड़: फातमा बुशरा (G.I.C. मानपुर) ने पहला स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ व ऊंची कूद: इन दोनों स्पधाओं में रिफा (G.I.C. मानपुर) विजेता बनीं। 400 मीटर दौड़ व लम्बी कूद: शमा (B.A.K.I.C. कांठ) ने दोनों प्रतियोगिताओं में बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालक मंडल की भूमिका में चन्द्रप्रभा देवी, राजवाला, नीरज यादव और सुधा विश्नोई शामिल रहे। इसके अलावा शिक्षिका व सहयोगी स्टाफ अर्चना शर्मा, अंजु शर्मा, सीमा पाश्या, आंचल चौहान, दीपिका चौहान, पिंकी वर्मा, रश्मि विश्नोई, इरम और पूजा चौहान ने व्यवस्थाएं संभालने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रधानाचार्या ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# गांधी जयंती के अवसर पर आरकेजीआईटी में मनाया गया स्वच्छ भारत दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)।** 02 अक्टूबर 2026:महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (RKGIT) में UP 37 BN NCC के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक जिम्मेदारी तथा महात्मा गांधी के स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के विचारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता शपथ, रंगोली, वृक्षारोपण एवं स्लोगन लेखन जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के महत्व और दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने का प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के डायरेक्टर, आर के जी आई टी डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच.जी. गर्ग तथा स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल चेयरमैन आलोक त्यागी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया गया।कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में विकास त्यागी, सी टी ओ- एन सी सी; प्रिया शर्मा, कॉर्डिनेटर एन सी सी; तथा देवांश सिंह, डी आई -एन सी सी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर सभी एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में संस्थान के पदाधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी और स्वस्थ समाज के निर्माण की आधारशिला है।









# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि के बजाय फोटो खिंचवाने में रुचि "सफाई अभियान बना" मजाक"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती को स्वच्छता ही सेवा दिवस के रूप में मनाया' लेकिन कुछ प्रसिद्ध स्कूलों में सफाई तो नहीं हुई लेकिन फोटो सेशन जरूर हुआ कॉलेज में सड़क पर कुछ पत्तों को हटाने के लिए करीब आठ झाड़ू जरूर देखी गई ' अनेक स्कूलों कॉलेजों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के फोटो के सामने श्रद्धांजलि देते हुए लोग नहीं दिखे बल्कि इन लोगों की रुचि फोटो खिंचवाने में थी ' अनेक परिषदीय स्कूलों में शासन के निर्देश के अनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती शासन की गाइडलाइंस के अनुसार नहीं मनाई गई ।



## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद में चार दिन बाद स्वाइन फ्लू के दो मरीज मिले: संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 41

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जनपद में चार दिन की राहत के बाद फिर स्वाइन फ्लू के दो मरीज मिले हैं। इनमें से एक 70 वर्षीय महिला मानसरोवर कॉलोनी की निवासी हैं। दूसरा मरीज टीडीआई सिटी में रहने वाला 31 वर्षीय युवक है। दोनों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। इनका इलाज निजी अस्पतालों के डॉक्टरों से चल रहा है। बुजुर्ग महिला को पिछले तीन दिन से बुखार-खांसी व सीने में दर्द था। निजी अस्पताल में जांच कराई तो स्वाइन फ्लू का संक्रमण पाया गया। जबकि टीडीआई सिटी निवासी युवक एक पार्टी से लौटने के बाद बीमार पड़ गया।डिप्टी सीएमओ व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव के मुताबिक दोनों मरीजों के परिजनों से टीम ने बात की है। दवा या इलाज की जरूरत होने पर उन्हें तुरंत सर्विलांस टीम से संपर्क करने के लिए कहा गया है। अब जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या 41 हो गई है। तीन मरीजों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं।



### "रघुपति राघव राजा राम" से गूंजा गाजियाबाद नगर निगम महापुरुषों को किया गया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम के कर्मियों, पार्षदों, निगम अधिकारियों द्वारा भारत माता की जय, जय हिंद के नारे लगाए गए, महापौर नगर आयुक्त तथा उपस्थित जनों ने लाल बहादुर शास्त्री जी तथा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाएं, नमन करते हुए उनको याद किया गया ' नगर निगम मुख्यालय तथा पांचों जोन में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती की शुभकामनाएं दी गई ' महापौर द्वारा उपस्थित जनों से शहर की स्वच्छता के लिए जन-जन को जागरूक करने की अपील भी की गई, सफाई मित्रों का सम्मान शहर का सम्मान है शहर वासियों को महात्मा गांधी जी की जयंती पर शुभकामनाएं दी गई ।





# डीएम अनुनय झा ने प्रत्येक तहसील के एसडीएम को "रोजाना पांच शिकायतों का अंतिम रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित" करने की जिम्मेदारी सौंपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आईजीआरएस और कार्यालयों में आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए जिले में मिशन संपूर्ण समाधान को लागू किया गया है। इसके तहत हर दिन सभी एसडीएम पांच शिकायतों का निस्तारण करेंगे। बृहस्पतिवार को एक दर्जन से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण भी कराया गया।डीएम अनुनय झा ने जनपद की प्रत्येक तहसील के एसडीएम को रोजाना पांच शिकायतों का अंतिम रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही संवेदनशील एवं जटिल प्रकरणों में संबंधित एसडीएम को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने और दोनों पक्षों की स्थिति को समझते हुए नियमानुसार समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। बृहस्पतिवार को तहसील कांठ के ग्राम मुंडाला में खेत की मेड़ तोड़े, कासमपुर के शिकायतकर्ता द्वारा अंश निर्धारण से संबंधित शिकायत का अंतिम निस्तारण कराया गया। तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम रानी नागल में खेत में पाइप डालने को लेकर उत्पन्न आपसी विवाद का टीम ने मौके पर पहुंचकर समाधान कराया गया।



# आदर्श कन्या विद्यालय डासना में हर वर्ष की तरह आज भी गांधी जयंती पर वार्षिक उत्सव आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** चेयरमैन पति डॉ चौ मुजाहिद हुसैन पूर्व प्रत्याशी अमरोहा लोकसभा बहुजन समाज पार्टी ने गांधी जयंती के मौके पर महात्मा गांधी विचारों को याद करते हुए डॉ चौ मुजाहिद हुसैन पूर्व कहा की हमें लाठी नहीं, सच्चाई और अहिंसा का रास्ता दिखाया था, और आज भी डासना में। विकास का हर रास्ता महात्मा गांधी के ही विचारों से होकर गुजरता है। आइए, हम सब मिलकर उनके हर घर शिक्षा , सर्वधर्मझसमभाव , नशा मुक्त भारत, स्वच्छ भारत के सपने को साकार करें ।व बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की हमारे बच्चों ने स्वच्छता और सत्य के संदेश से पूरे डासना को जगाया है, और आज वार्षिक उत्सव में अपनी प्रतिभा से सबका दिल जीता है। आप ही हमारे देश का भविष्य हो, आप पर हमें गर्व है! व अच्छे अंक लाकर, आपने अपने विद्यालय का ही है, नहीं बल्कि पूरे डासना का नाम रोशन किया है ।

इसी के साथ चेयरमैन साहब ने विद्यालय के अध्यापकों का दिल से आभार करते हुए बोले , जिन्होंने इन बच्चों को संस्कार और शिक्षा देकर इस मंच तक पहुँचाया है। आपका परिश्रम ही हमारी नगर पंचायत की असली पूंजी है।






**जयंती** गांधी जी के सत्य -अहिंसा और शास्त्री जी के "जय जवान- जय किसान "संदेश को याद किया गया, दोनों के "आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प"

# कांठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं क्षेत्र के स्कूल कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई इनके जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया' जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ के प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक, दिनेश कुमार यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर, संस्थान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । डायट प्रशिक्षु जुनैद, निखत परवीन, विशेष चौधरी ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी। संस्थान के प्रांगण में आयोजित इस समारोह में शिक्षक, प्रशिक्षुओं और स्टाफ ने दोनों महान विभूतियों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता शीतल कुमार, शशिबाला, डॉ नेहा इकबाल एवं डॉ अनिल कुमार यादव द्वारा लाल बहादुर शास्त्री, महात्मा गांधी जी के जीवन पर विस्तृत, प्रकाश डाला गया 'प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं एस एम सी अध्यक्ष मोहम्मद सलमान के नेतृत्व मे गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिन मनाया गया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाध्यापक मुहम्मद इरफान के द्वारा बताया गया की गांधी जयंती 2 अक्टूबर को इसलिए मनाई जाती है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1869 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी (मोहनदास करमचंद गांधी) का जन्म गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। विमल कुमार के द्वारा लाल बहादुर शास्त्री जी के विषय मे बताया गया की वे अपनी असाधारण सादगी, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते थे।उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश का सफल नेतृत्व किया'शिक्षिका प्रियंका चौधरी के द्वारा छात्रों को वैज्ञानिक स्वच्छता अभियान, माह अक्टूबर को स्वच्छता और ई-कचरे के वैज्ञानिक निपटान जैसे अभियानों पर विशेष जोर दिया एवं भारत में तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जा रहा है। आस पास तम्बाकू मुक्त अभियान के पोस्टर लगाए गए ' नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर छात्राओं ने बापू के प्रिय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी और देशभक्ति से प्रेरित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्राओं ने भाषण और कविताओं के माध्यम से गांधी जी के 'सत्य-अहिंसा' और शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को याद किया।डॉ. अंजना शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए दोनों महान नेताओं के जीवन से सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया' डीएसएम इंटर कॉलेज कं'ठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक कुंवर सुरेंद्र सिंह द्वारा की गई तथा विद्यालय के प्रवक्ता बबलू ,गौरव वर्मा, सतपाल सिंह ने अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन धन सिंह द्वारा किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी ने गांधी जी के सर्वोदय एवं अंत्योदय कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि छात्रों को सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों पर चलना चाहिए तथा तथा अनुशासन में रहना चाहिए।









# गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द ब्यूरो ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर की ओर से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख स्थित जिला

**जिला कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों के आदर्शों को याद किया**



कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को जन आंदोलन का रूप दिया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से देश के सामने मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यकताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने और देश की एकता व प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुकेश शर्मा, दुष्यंत नागर, महाराज सिंह नागर, शीबा राय, धर्म सिंह वाल्मीकि, रमेश वाल्मीकि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सचिन अंबावता को मिली भाजपा ओबीसी मोर्चा में बड़ी जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश में सचिन अंबावता को प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल की ओर से जारी प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में उनके नाम की घोषणा की गई है।



सचिन अंबावता इससे पहले संगठन में अन्य जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी में उनकी सक्रियता को देखते हुए अब उन्हें प्रदेश स्तर पर सोशल मीडिया संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर सचिन अंबावता ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि संगठन के हित में पूरी जिम्मेदारी से काम किया जाएगा।

# घरों में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार,11 लाख के आभूषण बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बीटा-2 पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले शातिर आरोपी सारमिन उर्फ शम्भू पुत्र इतवारी निवासी बादशाह कॉलोनी, दादरी को गिरफ्तार

**250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आरोपी को दबोचा**

किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 11 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और एक अवैध चाकू बरामद किया है।
पुलिस के अनुसार आरोपी घूम-फिरकर बंद पड़े मकानों की रेकी करता था और मौका देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी ने करीब सात-आठ महीने पहले अल्फा-1 और फरवरी 2026 में अल्फा-2 क्षेत्र में चोरी की थी। कुछ दिन पहले भी अल्फा-2 में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की



घटनाओं के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद ली। इसके बाद आरोपी को लेबर गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से तीन नेकलेस, दो मांग टीका, दो बारीक चेन, दो पाजेब, दो सैंपल, एक गले का हार, एक ब्रेसलेट, बच्चों के चार कड़े, चार बिछुए और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ बीटा-2 और सूरजपुर थाने में चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के के5 मुकदमे दर्ज हैं।

# भारत-भूटान मैत्री को मजबूत करने में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारत और भूटान के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से और मजबूत करने को लेकर महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की अध्यक्ष गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी डॉ शालिनी नय्यर और उनके पति संजय नय्यर ने भूटान में भारत के राजदूत संदीप आर्य से मुलाकात की।



भूटान में हुई इस शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श हुआ। डॉ शालिनी नय्यर ने कहा कि सामाजिक संगठन सेवा गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच आपसी संपर्क और मैत्री को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने भारत-भूटान संबंधों को जनस्तर पर और प्रगाढ़ बनाने के लिए लायंस क्लब के माध्यम से सामाजिक एवं सेवा गतिविधियां संचालित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इस दौरान भविष्य में संयुक्त रूप से किए जा सकने वाले सेवा कार्यों और अन्य प्रभावी पहलों को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान हुआ।
भेंट के दौरान डॉ शालिनी नय्यर ने पंजाबी संगठन, महिला पंजाबी संगठन और लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की ओर से उन्हें शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट किया।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज, रबूपुरा के विद्यालय परिसर में 40 यू.पी. बटालियन एनसीसी के कैडेट्स द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

**पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश, कैडेट्स ने लिया स्वच्छ भारत का संकल्प**

का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 25 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत कैडेट्स द्वारा स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। कैडेट्स ने अपने पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ पर्यावरण तथा गंदगी से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को जागरूक किया। पोस्टरों पर स्वच्छता को अपनाने, कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने जैसे संदेशों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया।
इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कैडेट्स ने परिसर के विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का कार्यक्रम न होकर दैनिक जीवन की आदत बननी चाहिए। स्वच्छ विद्यालय एवं स्वच्छ वातावरण विद्यार्थियों के स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है।
कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने सामूहिक रूप से




स्वच्छता की शपथ भी ली। कैडेट्स ने संकल्प लिया कि वे स्वयं गंदगी नहीं फैलाएँगे तथा अपने आसपास के लोगों को भी गंदगी फैलाने से रोकने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।
इस अवसर पर 40 यू.पी. बटालियन एनसीसी की ओर से सेकंड ऑफिसर घासी राम लोधी एवं ड्रिल इंस्ट्रक्टर बादल कुमार का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया तथा कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

# कोरोना काल में दिवंगत पत्रकारों को नोएडा मीडिया क्लब ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, स्मृति वन में गूंजे स्मृतियों के स्वर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** कोरोना महामारी के भयावह दौर में अपनी जान की परवाह किए बिना पत्रकारिता के दायित्वों का निर्वहन करते हुए दुनिया को अलविदा कहने वाले पत्रकार साथियों की स्मृति में शुक्रवार को नोएडा मीडिया क्लब की ओर से सेक्टर-73 स्थित स्मृति वन में श्रद्धांजलि सभा एवं स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिवंगत

**विधायक पंकज सिंह बोले-कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकारों ने निभाया जनसेवा का दायित्व, उनका योगदान सदैव रहेगा अविस्मरणीय**

पत्रकारों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष, समर्पण और पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने की।
कार्यक्रम के दौरान स्मृति वन में स्थापित स्मारक पर दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित अतिथियों और पत्रकारों ने कोरोना काल की उन कठिन परिस्थितियों को याद किया, जब संक्रमण के खतरे के बीच भी पत्रकार लगातार मैदान में रहकर आमजन तक सूचनाएं पहुंचाने और जनहित के मुद्दों को उठाने में जुटे रहे।
इस अवसर पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान पत्रकारों ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। जब पूरा देश संकट के दौर से गुजर रहा था, तब पत्रकारों ने जोखिम उठाकर लोगों तक सही सूचनाएं पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दिवंगत पत्रकारों का योगदान समाज और पत्रकारिता जगत के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।
नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने कहा कि कोरोना काल में बिछड़े पत्रकार साथी केवल पत्रकारिता जगत की क्षति नहीं, बल्कि पूरे समाज की अपूरणीय क्षति हैं। उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखना और



उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।
गौरतलब है कि नोएडा मीडिया क्लब द्वारा देशभर में कोरोना महामारी के दौरान दिवंगत हुए पत्रकारों की स्मृतियों को संजोने और उनके योगदान को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से स्मृति वन में स्मारक का निर्माण कराया गया है। यह स्मारक उन पत्रकारों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जिन्होंने कठिनतम परिस्थितियों में भी अपने पेशे की गरिमा को बनाए रखा।
श्रद्धांजलि सभा का माहौल भावुक रहा। उपस्थित लोगों ने दिवंगत पत्रकार साथियों को नमन करते हुए उनके अधूरे सपनों और पत्रकारिता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत पत्रकार साथियों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस दौरान पूरा स्मृति वन शोक और सम्मान के भाव से भर उठा। सभी ने दिवंगत पत्रकारों के योगदान को याद करते हुए उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।
श्रद्धांजलि सभा में मीडिया क्लब के महासचिव जय प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अमित चौधरी,सचिव जगदीश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज वत्स, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद शर्मा के अलावा वरिष्ठ पत्रकार आरपी रघुवंशी, मोहम्मद आजाद,रऊफ अहमद सिद्दिकी मोहम्मद अकरम विनोद शर्मा,वीरेंद्र मलिक,नोएडा विधायक पंकज सिंह, सांसद डॉ. महेश शर्मा के प्रतिनिधि संजय बाली, नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विकास जैन,मानव सेवा समिति के अध्यक्ष यू के भारद्वाज,संयुक्त किसान मोर्चा के सुखबीर खलीफा, किसान नेता अशोक चौहान,ओम प्रकाश गुर्जर, अमित अवाना , भाजपा नेता अशोक चौहान, सपा नेता चौधरी जयकरण सिंह,बबलू चौहान और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के महानगर अध्यक्ष अजय पांडे सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मोबाइल-चेन स्नैचिंग करने वाले तीन गिरफ्तार, आईफोन-18 प्रो समेत पांच मोबाइल, दो तमंचे और बाइक बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने मोबाइल फोन व चेन स्नैचिंग तथा लूट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सलमान उर्फ सुहैल, अजाज उर्फ अज्जू उर्फ सोनू और नईम के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से आईफोन-18 प्रो समेत पांच छीने गए मोबाइल फोन, दो अवैध तमंचे, दो कारतूस, 2500 रुपये और वारदात में इस्तेमाल अपाचे बाइक बरामद की है।
पुलिस के अनुसार आरोपी सुनसान रास्तों पर राहगीरों और ई-रिक्शा में बैठे लोगों को मोबाइल देखने के बहाने निशाना बनाते थे। छीने गए मोबाइल नईम को बेचते थे, जिसे वह दूसरे राज्यों में सप्लाई करता था। आरोपियों ने



21 सितंबर को चेरी काउंटी सोसाइटी के पास एक महिला से आईफोन-18 प्रो भी इसी तरीके से छीना था। पुलिस ने आरोपियों को 6 प्रतिशत एरिया पार्क के पास से लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार किया। नईम के खिलाफ गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# कलेक्ट्रेट पर सैकड़ों लोगों ने रखा मौन उपवास,यूजीसी रोलबैक की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सवर्ण स्वाभिमान मंच गौतमबुद्धनगर के आह्वान पर सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट में मौन उपवास किया गया। यूजीसी रोलबैक, आरक्षण व्यवस्था को आर्थिक आधार पर करने और एससी-एसटी एक्ट में आवश्यक कानूनी संशोधन की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग जिला मुख्यालय पहुंचे।
कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न वर्गों के लोग करीब तीन घंटे तक मौन उपवास पर बैठे। इस दौरान उपवास स्थल पर मांगों से संबंधित तख्तियां लगाई गई थीं। मंच के संयोजक कपिल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि गांधी जयंती पर शांतिपूर्ण और गांधीवादी तरीके से अपनी मांग सरकार तक




पहुंचाने के लिए मौन उपवास किया गया। उन्होंने कहा कि मंच किसी जाति या धर्म के खिलाफ नहीं है। मंच आरक्षण को आर्थिक आधार पर किए जाने और एससी-एसटी एक्ट की समीक्षा कर आवश्यक कानूनी संशोधन की मांग कर रहा है।
मौन उपवास समाप्त होने के बाद मंच की ओर से राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। मंच ने कहा कि मांगों को लेकर आगे भी चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर प्रमोद शर्मा एडवोकेट, सुधीर वत्स, संजय शर्मा एडवोकेट, भानु प्रकाश शर्मा, गौरव शर्मा, विवेक रावल, अंकुश शर्मा एडवोकेट, सतेंद्र शर्मा एडवोकेट, निधि शर्मा एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267